www.tamsasanket.com
वर्ष: 30 || अंक 293 || अम्बेडकरनगर
रविवार
18 जनवरी 2026 || पृष्ठ: 08 || मूल्य: ₹2
आज़ादी का अमृत महोत्सव
समूह संपादक- डॉ. ओ.पी. मिश्रा
https://epaper.tamsasanket.com

# दैनिक तमसा संकेत

अम्बेडकर नगर व लखनऊ से एक साथ प्रकाशित
डॉ. लोहिया की जन्म भूमि से सर्वप्रथम प्रकाशित समाचार पत्र

मौसम
सूर्योदय: 06:56
सूर्यास्त: 05:36
अधिकतम: 19°:00
न्यूनतम: 09°:00


पेज 07

विशेष समाचार क्या हकीकत में दिग्विजय... >>पेज 04 | मुंह ढककर काशी पहुंचे ... >>पेज 06 | 'मुझे किसी ने ब्रेनवॉश नहीं...

## मणिकर्णिका घाट विवाद पर गरजे योगी, बोले-यह विपक्षियों की साजिश

# 'अहिल्याबाई की टूटी मूर्तियों का वीडियो एआई से बना'

> वेस्ट मैनेजमेंट, ड्रेनेज, लाइटिंग की व्यवस्थाएं हो रही हैं। अन्य महत्वपूर्ण धार्मिक स्थलों के संरक्षण के काम हो रहे हैं।
> - सीएम योगी

**चेतावनी**

हेमन्त कृष्ण

तमसा संकेत, वाराणसी, लखनऊ। काशी में मणिकर्णिका घाट पर रानी अहिल्याबाई की मूर्ति टूटने के विवाद पर सीएम योगी ने शनिवार को इसके लिए कांग्रेस को दोषी ठहराया। उन्होंने कहा- रानी की मूर्ति सुरक्षित रखी है। कांग्रेस ने AI से मूर्ति टूटने का वीडियो बनाया। यह काशी को बदनाम करने की साजिश है, इसलिए मुझे खुद यहां आना पड़ा। साजिश का पर्दाफाश होना चाहिए। सीएम ने कहा- मंदिर तोड़े गए हैं, इससे ज्यादा बड़ा झूठ नहीं हो सकता। अहिल्याबाई होल्कर की प्रतिमा को संरक्षित किया गया है। जब जीर्णोद्धार का काम पूरा हो जाएगा, तब प्रतिमा नई तरह से दिखेगी।

>> (शेष पेज 06 पर)



मुख्यमंत्री ने कहा, 'काशी अविनाशी है। हर भारतीय के मन में काशी के प्रति गहरी आस्था है, लेकिन स्वतंत्र भारत में जिस व्यापक विकास और सम्मान की काशी को आवश्यकता थी, वह लंबे समय तक नहीं मिल पाया।

■ सीएम ने मां अहिल्याबाई की पूजा की



**पूजन**

*सीएम ने काशी विश्वनाथ मंदिर में ही स्थित मां अहिल्याबाई का पूजन किया। इसके साथ ही विकास कार्यों के बारे में मंडलायुक्त एस राजलिंगम से जानकारी ली।*

### दुनिया के सामने प्रस्तुत होगा काशी का नया स्वरूप

उन्होंने कहा कि यह सौभाग्य की बात है कि काशी का प्रतिनिधित्व देश की संसद में स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने शुरू से ही यह स्पष्ट किया कि काशी के प्राचीन स्वरूप को संरक्षित रखते हुए उसे देश और दुनिया के सामने नए रूप में प्रस्तुत किया जाए। इसी सोच के तहत काशी के विकास की योजनाएं धरातल पर उतारी गईं।



### योगी बोले- आप लोगों से कुछ छिपा नहीं

सीएम योगी ने कहा- काशी विश्वनाथ में जब पूजा होती है, तब श्मशान की चर्चा होती है। चाहे वो मणिकर्णिका घाट हो या हरिश्चंद्र घाट। मणिकर्णिका घाट पर आज भी जाएंगे और देखेंगे कि अंतिम संस्कार किन स्थितियों में होता है। यानी कोई अपने प्रियजन को अंतिम विदाई भी सम्मानजनक न दे सकें। यह कैसे हो सकता है।

>> (शेष पेज 06 पर)

### एआई वीडियो से कांग्रेस दुष्प्रचार कर रही : सीएम

योगी ने कहा- अहिल्याबाई होल्कर की प्रतिमा को संरक्षित किया गया। जब ये बनकर तैयार होगा, तब ये प्रतिमा नए तरह से दिखेगी। कांग्रेस जो दुष्प्रचार कर रही है, वो AI का इस्तेमाल कर रहे हैं। यह अपराध है। देश की विरासत को बदनाम करने वाली कांग्रेस और उनके सहयोगियों को ध्यान में रखना चाहिए कि वे लोग जनभावनाओं का खिलवाड़ करने काम काम कर रहे हैं।

### अब 1.25 लाख से 1.50 लाख श्रद्धालु करते हैं दर्शन

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बताया कि वर्ष 2014 से पहले या काशी विश्वनाथ धाम के विकास से पूर्व प्रतिदिन केवल 5 हजार से 25 हजार श्रद्धालु ही दर्शन के लिए आते थे। आज यही संख्या बढ़कर प्रतिदिन 1.25 लाख से 1.50 लाख तक पहुंच गई है। उन्होंने कहा कि काशी ने अकेले ही देश की जीडीपी में लगभग 1.3 लाख करोड़ रुपये का योगदान दिया है।

### राहुल गांधी बोले-पानी पीकर लोग मर रहे, यही अर्बन मॉडल

इंदौर । कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी शनिवार को इंदौर पहुंचे। राहुल सबसे पहले बॉम्बे हॉस्पिटल गए, जहां उन्होंने दूषित पानी से पीड़ित मरीजों और परिजन से मुलाकात की।

राहुल ने कहा- ये नए मॉडल की स्मार्ट सिटी है। पीने का पानी नहीं है। परिवार पानी पीने के बाद बीमार हुए। यानी इंदौर में साफ पानी नहीं मिल सकता है। ये है अर्बन मॉडल। उन्होंने कहा, सरकार अपनी जिम्मेदारी नहीं निभा रही है। किसी को ये राजनीति लगे तो लगे, लेकिन लोगों को साफ पानी मिलना चाहिए।

इस दौरान राहुल भागीरथपुरा भी गए और दूषित पानी से जान गंवाने वाली गीता बाई और जीवनलाल के परिवार से मिले। दोनों परिवारों को उन्होंने चेक दिया। इसके बाद राहुल गांधी संस्कार गार्डन पहुंचे।

# मुंबई में शिंदे के सभी 29 पार्षद होटल में हुए शिफ्ट

## मेयर के लिए भाजपा को 25 पार्षद चाहिए

**हलचल**

तमसा संकेत, एजेंसी

मुंबई । महाराष्ट्र नगर निगम चुनाव रिजल्ट के एक दिन बाद मुंबई में राजनीतिक हलचल बढ़ गई है। शिवसेना (शिंदे) ने सभी 29 पार्षदों को ताज होटल शिफ्ट कर दिया है।

शिवसेना (शिंदे) के इस फैसले को मुंबई के मेयर पद से जोड़कर देखा जा रहा है। 227 पार्षदों वाली बीएमसी में भाजपा ने 89 सीटों पर जीत दर्ज की है। बहुमत का आंकड़ा 114 है। भाजपा को मेयर बनाने के लिए 25 पार्षदों की जरूरत होगी।

सूत्रों ने बताया कि शिंदे गुट और अजित पवार गुट को जितनी उम्मीद



■ कैबिनेट मीटिंग में नहीं पहुंचे शिंदे-अजित

थी, परिणाम वैसा नहीं आया। दोनों डिप्टी सीएम अपनी पार्टियों की सीटें कम आने से भाजपा से नाराज हैं।

शनिवार को महाराष्ट्र सरकार की कैबिनेट बैठक में भी दोनों उप मुख्यमंत्री नहीं गए। शिवसेना की ओर से कहा गया शिंदे बीमार हैं।

>> (शेष पेज 06 पर)

# बांग्लादेश में कर्मचारी को बचा रहे हिंदू कारोबारी की हत्या

## तीन लोगों ने पीट-पीटकर मार डाला, एक महीने में 9 हिंदुओं की हत्या

**वारदात**

तमसा संकेत, एजेंसी

ढाका, नई दिल्ली । बांग्लादेश के गाजीपुर जिले में शनिवार को एक हिंदू कारोबारी की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। वह अपनी मिठाई की दुकान में काम करने वाले एक नाबालिग कर्मचारी को बचाने की कोशिश कर रहा था। पुलिस ने मामले में तीन लोगों को हिरासत में लिया है। मृतक की पहचान 55 वर्षीय लिटन चंद्र घोष उर्फ काली के रूप में हुई है। वह बैशाखी स्वीटमीट एंड होटल का मालिक था। यह




■ बांग्लादेश में सत्तापलट के बाद अल्पसंख्यकों पर हमले बढ़े

दुकान नगरपालिका इलाके के पास बरनगर रोड पर स्थित है। बांग्लादेश में बीते एक महीने में अब तक 9 हिंदुओं की हत्याएं हो चुकी हैं।

>> (शेष पेज 06 पर)

### लोगों ने आरोपियों को पकड़कर पुलिस को सौंपा

घटना के बाद स्थानीय लोगों में गुस्सा फैल गया। लोगों ने तीनों आरोपियों स्वपन मिया, मजीदा खातून और मसूम मिया को पकड़ लिया और बाद में पुलिस के हवाले कर दिया। कलिगंज थाने के प्रभारी अधिकारी (OC) मोहम्मद जाकिर हुसैन ने घटना की पुष्टि की। उन्होंने बताया कि तीनों आरोपी पुलिस हिरासत में हैं और हत्या के मामले में कानूनी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच जारी है।

>> (शेष पेज 06 पर)

**फास्ट न्यूज**

### ममता की सीजेआई से अपील-संविधान, लोकतंत्र, न्यायपालिका की रक्षा करें

जलपाईगुड़ी । पश्चिम बंगाल की CM ममता बनर्जी ने शनिवार को CJI सूर्यकांत से अपील की कि वे देश के संविधान, लोकतंत्र और न्यायपालिका की रक्षा करें। कार्यक्रम में CJI सूर्यकांत भी मौजूद थे।

**आरोप प्रत्यारोप**

### ममता 10,000 में बांग्लादेशियों-रोहिंग्याओं को नागरिकता दे रहीं

नई दिल्ली, कोलकाता । भारतीय जनता पार्टी ने शनिवार को नई दिल्ली में प्रेस कॉन्फ्रेंस की। बीजेपी प्रवक्ता संबित पात्रा ने कहा, 'ममता बनर्जी 10 हजार में बांग्लादेशियों-रोहिंग्याओं को नागरिकता दे रही हैं।'

पात्रा ने कहा कि ममता बनर्जी भारत के करोड़ों रुपए केवल इसी में खर्च कर रही हैं। इसी वजह से I-PAC दफ्तर पर ED छापे से घबरा गईं, फाइलें छीनकर ले गईं। पात्रा ने कहा कि मैं ममता बनर्जी को चेतावनी देना चाहता हूं कि वे बंगाल को बांटकर चुनाव नहीं जीत सकतीं। मुर्शीदाबाद प्रदर्शन के दौरान NH-12 ब्लॉक किया गया। रेल रोकी गईं।

### भागवत बोले- इंटरनेशनल ट्रेड किसी दबाव में नहीं होगा

छत्रपति संभाजीनगर । राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (RSS) के प्रमुख मोहन भागवत ने लोगों से आत्मनिर्भरता और स्वदेशी (लोकल) सामान के इस्तेमाल करने की अपील करते हुए कहा कि जहां तक हो सके, देश में बना हुआ सामान ही खरीदें। अगर कोई चीज भारत में नहीं बन सकती, तभी उसे बाहर से मंगाना चाहिए।

# कोहरे में 40 गाड़ियां टकराईं, 7 की मौत

## श्रीनगर में पारा 4 डिग्री सेल्सियस पहुंचा

**रेस्क्यू**

तमसा संकेत, एजेंसी

नई दिल्ली/भोपाल/लखनऊ । उत्तर प्रदेश में शनिवार को सर्दी के इस सीजन का सबसे घना कोहरा छाया। 15 जिलों में 40 से ज्यादा वाहन कोहरे के कारण टकरा गए। इन घटनाओं में डेढ़ साल की बच्ची समेत 7 लोगों की मौत हो गई, जबकि 50 से ज्यादा घायल हुए। राज्य में 100 से ज्यादा ट्रेन देरी से चल रही हैं।

जम्मू-कश्मीर में कंपकंपाने वाली सर्दी का 40 दिन का चिल्लई कलां जारी है। आज इसका 28वां दिन है।



■ हिमाचल में 25 टूरिस्ट बर्फबारी में फंसे

■ नई दिल्ली में कोहरे और सर्दी के बीच गणतंत्र दिवस की परेड प्रैक्टिस जारी है।

कश्मीर में मिनिमम टेम्परेचर में भारी गिरावट आई। श्रीनगर में टेम्परेचर -4.0C रहा, शोपियां -5.6C रहा।

>> (शेष पेज 06 पर)

### जम्मू-कश्मीर में एलओसी के पास दिखा पाकिस्तानी ड्रोन

श्रीनगर । जम्मू के सांबा जिले में शनिवार शाम लाइन ऑफ कंट्रोल (LoC) से सटे रामगढ़ सेक्टर में पाकिस्तानी ड्रोन मंडराता देखा गया। इसके बाद सेना ने जवाबी कार्रवाई करते हुए अपने एंटी-अनमैन्ड एरियल सिस्टम यानी एंटी ड्रोन सिस्टम को एक्टिवेट कर दिया।

सेना के सूत्रों के मुताबिक, यह ड्रोन नियमित निगरानी के दौरान नजर आया। यह पिछले सात दिनों में ड्रोन दिखने की यह चौथी घटना है। इससे पहले, 15 जनवरी को भी रामगढ़ सेक्टर में LoC पर पाकिस्तानी ड्रोन मंडराते देखे गए थे। राजौरी जिले में 13 जनवरी को दो बार संदिग्ध पाकिस्तानी ड्रोन देखे गए थे। इसके बाद सेना ने फायरिंग की थी। वहीं, 11 जनवरी को नौशेरा सेक्टर, धरमसाल सेक्टर, रियासी, सांबा और पुंछ के मंकोट सेक्टर में एकसाथ पांच ड्रोन स्पॉट किए गए थे।

## दिल्ली एयरपोर्ट पर परिजन से मिलकर रोए, कहा- वहां इंटरनेट नहीं, हालात बदतर

# ईरान से लौटे भारतीय

**वापसी**

■ 28 दिसंबर से हिंसा जारी, 3 हजार+ मौतें

तमसा संकेत, एजेंसी

नई दिल्ली । ईरान में जारी हिंसा के बीच फंसे कई भारतीय नागरिक शुक्रवार देर रात दिल्ली एयरपोर्ट पहुंचे। इनमें ज्यादातर स्टूडेंट्स हैं। कुछ लोग भारत सरकार की पहल से लौटे, तो कुछ अपने खर्च पर वापस आए। दिल्ली एयरपोर्ट पर परिजन से मिलते ही कई नागरिक फूट-फूटकर रोने लगे। उन्होंने बताया कि हिंसा के दौरान ईरान में हालात कैसे बिगड़े। ईरान से लौटे जम्मू-कश्मीर के एक युवक ने कहा, 'वहां हालात बहुत



■ दिल्ली एयरपोर्ट पर ईरान से भारत पहुंचे लोग अपने परिवारवालों के गले मिलकर रोए।

खराब हैं। हिंसक विरोध-प्रदर्शन हो रहे हैं।' ईरान से लौटी एक मेडिकल स्टूडेंट ने बताया कि भारतीय दूतावास ने उनसे संपर्क किया था, लेकिन वह निजी फ्लाइट से खुद दिल्ली पहुंची। भारत के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शुक्रवार को कहा- हमारे लगभग 9,000 नागरिक इस समय ईरान में रह रहे हैं।

>> (शेष पेज 06 पर)



> भारत सरकार ने गुरुवार को एडवाइजरी जारी करके भारतीय नागरिकों से अपने पासपोर्ट, वीजा और अन्य जरूरी दस्तावेज हमेशा अपने पास रखने को कहा था। भारत सरकार के प्रयासों से निजी फ्लाइट के जरिए नागरिक वापस लौटे हैं।

### ईरान में दो हफ्तों से जारी हिंसा में 3 हजार से ज्यादा मौतें

ईरान में वहां की करेंसी 'रियाल' के ऐतिहासिक रूप से नीचे गिरने और महंगाई के विरोध में 28 दिसंबर 2025 में प्रदर्शन शुरू हुए थे। देश के सभी 31 प्रांतों में हिंसा फैल गई है। इसमें 3 हजार से ज्यादा लोगों की मौत हुई है। ज्यादातर लोग गोली लगने से मारे गए हैं। ईरान ने 14 जनवरी को अपना एयरस्पेस अस्थायी रूप से बंद कर दिया था। इसके बाद तेहरान स्थित भारतीय दूतावास ने वहां मौजूद सभी भारतीय नागरिकों को जल्द से जल्द से ईरान छोड़ने की सलाह दी थी। ईरान ने 15 जनवरी अपना एयरस्पेस खोला, जिसके बाद कई भारतीय अपने देश लौटे।

**हाइवे जाम : प्रदर्शनकारियों ने रेलवे गेट तोड़ा, बिहार में प्रवासी मजदूर पर हमले के बाद हंगामा**

# मुर्शिदाबाद में तनाव, 30 लोग गिरफ्तार

तमसा संकेत, एजेंसी

कोलकाता । पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले के बेलडांगा में शनिवार को दूसरे दिन भी हालात तनावपूर्ण बने हुए हैं। प्रदर्शनकारियों ने NH-12 और रेलवे ट्रैक को फिर से जाम कर दिया है। स्थिति नियंत्रित करने के लिए इलाके में भारी पुलिस बल तैनात किया गया है।

यह विरोध बिहार में एक प्रवासी मजदूर पर हमले के बाद भड़का है। इससे एक दिन पहले झारखंड में प्रवासी मजदूर की मौत को लेकर बेलडांगा में हिंसक प्रदर्शन हुआ था, जिससे सड़क और रेल रूट घंटों ठप रहा था। एडिशनल एसपी ने बताया कि अब तक 30 लोगों को गिरफ्तार



किया गया है। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि मुर्शिदाबाद के मजदूर अनीसुर शेख के साथ बिहार में मारपीट की गई। इस घटना से शुक्रवार की हिंसा के बाद शांत हुआ गुस्सा फिर भड़क उठा। स्थानीय लोगों के मुताबिक, घायल मजदूर अनीसुर शेख शुक्रवार देर रात किसी तरह मुर्शिदाबाद पहुंचा। उसकी हालत गंभीर थी। उसे मुर्शिदाबाद मेडिकल कॉलेज और

> सीएम ममता बनर्जी ने शुक्रवार को शांति बनाए रखने की अपील की थी। इधर भाजपा सांसद और प्रवक्ता संबित पात्रा ने शनिवार को कहा कि ट्रेनों को जलाया जा रहा है। ममता बनर्जी इसे अल्पसंख्यकों का गुस्सा बताकर सही ठहरा रही हैं।

अस्पताल में भर्ती कराया गया। स्थानीय विधायक हुमायूं कबीर मौके पर पहुंचे और प्रदर्शनकारियों व प्रशासनिक अधिकारियों से बातचीत की।

>> (शेष पेज 06 पर)



### रेलवे गेट तोड़ा, कृष्णनगर-लालगोला रूट बंद

शनिवार सुबह प्रदर्शनकारियों ने बेलडांगा स्टेशन के पास रेल गेट में तोड़फोड़ की और रेलवे सिग्नल को नुकसान पहुंचाया। इसके चलते कृष्णनगर और लालगोला के बीच ट्रेन बंद कर दी गईं। पुलिस के अनुसार, सैकड़ों स्थानीय लोग बेलडांगा के बरुआ मोड़ पर NH-12 पर जमा हो गए। इससे हाईवे पर लंबा जाम लग गया और कई वाहन फंस गए।

पूर्व रेलवे के जनरल मैनेजर मिलिंद के. देउस्कर ने बताया कि हालात को देखते हुए इलाके में अतिरिक्त RPF और RPSF बल तैनात किए जा रहे हैं। >> (शेष पेज 06 पर)

# कांग्रेस ने घुसपैठियों से जमीन पर कब्जा कराया : पीएम मोदी

## कांग्रेस ने समस्या का समाधान नहीं निकाला

**संबोधन**

तमसा संकेत, एजेंसी

कोलकाता/गुवाहाटी । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को असम में कहा कि कांग्रेस असम को अपना नहीं मानती। आजादी के बाद असम के सामने कई चुनौतियां थीं। कांग्रेस ने समस्या का समाधान नहीं निकाला। जब जरूरत अपने लोगों के जख्म भरने, उनकी सेवा करने की थी तब कांग्रेस ने घुसपैठियों की सेवा की। ये घुसपैठिये कांग्रेस के कट्टर वोटर हैं। ये लोग जमीन पर कब्जा करते रहे, कांग्रेस उनकी मदद करती रही। हिमंता सरकार आज लाखों बीघा जमीन को घुसपैठियों से मुक्त करा रही है। एक समय यहां आए दिन रक्तपात होते



■ मोदी बोले-ये कांग्रेस के कट्टर वोटर, हिमंता सरकार कब्जे हटाकर घुसपैठियों को खदेड़ रही

थे, आज संस्कृति के रंग सज रहे हैं। पहले जहां, कर्फ्यू का सन्नाटा होता था। आज संगीत गूंज रहा है।

पीएम गुवाहाटी के सरुसजाई स्टेडियम में आयोजित 'बागुरुम्बा दोहोउ 2026' में शामिल हुए। यह बोडो समुदाय का पारंपरिक सांस्कृतिक कार्यक्रम है।

>> (शेष पेज 06 पर)

## अखिलेश यादव ने भुवनेश्वर में होलिस्टिक हेल्थ पर जोर दिया, मानसिक स्वास्थ्य पर भी ध्यान जरूरी

# 'प्रदूषण, नेगेटिव माहौल से स्वास्थ्य पर असर'

**संबोधन**

- फिटनेस, हेल्दी फूड और पॉजिटिव माहौल से बढ़ेगी खुशहाली
- प्रदूषण, जल और सामाजिक वातावरण स्वास्थ्य को प्रभावित करते हैं
- प्रिवेंटिव हेल्थ से लोग स्वस्थ और तरक्की करेंगे

तमन्ना

तमसा संकेत, लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री श्री अखिलेश यादव ने शनिवार को उड़ीसा की राजधानी भुवनेश्वर में विजन इंडिया प्रोग्राम के तहत आयोजित होलेस्टिक



हेल्थ समिट को सम्बोधित किया।

अखिलेश यादव समिट में मुख्य अतिथि थे। उन्होंने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि आज लोग बीमारी, स्वास्थ्य के साथ-साथ मनोभावों की भी बात कर रहे हैं। इस विषय पर होलेस्टिक एप्रोच और हेल्दी लाइफ स्टाइल पर चर्चा होना जरूरी है। होलिस्टिक हेल्थ में फिजीकल हेल्थ, फिटनेस, हेल्दी फूड, पाजिटिव सोशल सपोर्ट, हैपी वर्किंग कंडीशन हो, माहौल अच्छा हो इसीलिए होलिस्टिक हेल्थ पर फोकस किया गया है।

श्री अखिलेश यादव ने कहा कि कभी-कभी स्वास्थ्य सेवाएं फेल हो जाती है। जब स्वास्थ्य सेवाएं फेल होती है तो मेडिकल सेवाएं शुरू होती है। हेल्थ प्रीवेंटिव कन्सेप्ट है। मेडिकल क्यूरेटिव कान्सेप्ट है। जब होलिस्टिक हेल्थ पर फोकस करेंगे तो लोग बीमार कम होंगे। उससे लोग खुशहाली और तरक्की करेंगे। लोगों का तन और मन स्वस्थ होगा। आसपास का माहौल, कार्यस्थल का वातावरण, फ्रेंड सर्किल लोगों के स्वास्थ्य को प्रभावित करता है। आजकल देखा जा रहा है कि नकारात्मक चीजे ज्यादा आती है। नेगेटिविटी लोगों पर असर डालती है। कई बार वाट्सएप ग्रुपों पर तमाम चीजें आती है, जो प्रभाव डालती है। सामाजिक और राजनीतिक वातावरण, वेदर क्लाइमेट भी असर डालता है। दिल्ली का प्रदूषण, इंदौर का दूषित जलापूर्ति समेत तमाम जगहों के मामले है, जो लोगों के स्वास्थ्य से जुड़े हुए हैं। इंदौर को तो सफाई में एवार्ड मिलता था उसी शहर में पीने के पानी से मौतें हो गयी।

> अखिलेश यादव ने कहा कि कोई बीमार होता है तो दोहरे आर्थिक नुकसान में पड़ जाता है। एक तरफ इलाज का खर्च दूसरी तरफ काम भी छूट जाता है। उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी की सरकार के दौरान विधायकों को क्षेत्र विधायक निधि से 25 लाख रुपये तक लोगों के इलाज के लिए मदद का नियम बनाया गया। इसका मकसद था कि विधायक अपने क्षेत्र के गरीब लोगों की आर्थिक मदद कर सके। देश में पहली बार यह योजना यूपी में शुरू की गयी।

### पर्यावरण और आसपास का माहौल जितना अच्छा होगा स्वास्थ्य उतना अच्छा होगा

अखिलेश यादव ने कहा कि पर्यावरण और आसपास का माहौल जितना अच्छा होगा स्वास्थ्य उतना अच्छा होगा। श्री यादव ने कहा कि आंकड़ों के हिसाब से देश में हेलेस्टिक हेल्थ की स्थिति 30 फीसदी ही है। पीएचसी, सीएचसी की स्थितियां अच्छी नहीं है। आपातकालीन सेवाएं लगभग खत्म हो गयी हैं। उत्तर प्रदेश में तो इमरजेंसी सेवाओं की मौत हो गयी है। मानसिक स्वास्थ्य के लिए कोई व्यवस्था नहीं है। गांवों की आबादी के स्वास्थ्य का कोई आंकड़ा ही नहीं है। आशा वर्कर से काम ज्यादा लिया जाता है। जो काम लिया जाता है उनको उचित मानदेय नहीं दिया जाता है। होलिस्टिक हेल्थ के लिए सरकारों को एनवायरमेंटल फैक्टर पर ध्यान देना चाहिए। नदियों की सफाई नहीं है, औद्योगिक वेस्ट नदियों में जा रहा है। वही गंदा पानी खेतों में जा रहा है। वह असर डालता है।



## सीवर के पानी की सप्लाई महात्मा गांधी वार्ड के 350 परिवार परेशान

### लोग बोले- बच्चे बीमार, लीवर की बीमारी हुई

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ । लखनऊ के हुसैनगंज, उदयगंज और पुराना बर्फखाना इलाके में सीवर का गंदा पानी सप्लाई में आ रहा है। इससे 350 परिवार परेशान हैं। गंदे पानी की आपूर्ति के चलते बच्चे-बुजुर्ग बीमार होने लगे हैं। लोग बोले- गंदे पानी से लीवर सिरोसिस और पेट की गंभीर बीमारियां हो रही हैं।

हालात यह हैं कि लोगों को पीने का पानी बाहर से खरीदना पड़ रहा है। थोड़ी दूरी पर ही सीएम आवास है। इसके बावजूद हालात बदतर हैं, लेकिन जलकल विभाग के अधिकारी इसपर ध्यान नहीं दे रहे।

उदयगंज और बर्फखाना क्षेत्र में लोगों ने वाटर सप्लाई के दौरान घरों में लगे मोटर चलाए तो नलों से गंदा पानी आने लगा। पिछले 15-20 दिनों से समस्या और बढ़ गई है। स्थानीय लोग शिकायत कर के थक चुके हैं, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं



हुई। शुक्रवार को प्रभारी मंत्री सुरेश खन्ना ने निरीक्षण किया तो उन्होंने भी अधिकारियों को हिदायत देते हुए कहा कि जहां पर सीवर से पानी आपूर्ति की पाइप जा रही है, उसे तत्काल हटाया जाना चाहिए। इसके बाद लोगों को थोड़ी आस जगी है।

क्षेत्र के लोगों ने बुधवार को सड़क पर बाल्टी रखकर जलकल विभाग के खिलाफ प्रदर्शन किया था। इस मौके पर बाबू बनारसी दास वार्ड के पूर्व पार्षद प्रत्याशी इस्लाम अली ने बताया था कि कई दिनों से गंदे पानी की समस्या बनी हुई है। लोग बीमार हो रहे हैं। शिकायत के बाद भी कोई सुनने वाला नहीं है। नगर निगम के कर्मचारी सिर्फ टैक्स वसूली करने आ रहे हैं।

**फास्ट न्यूज**

### सड़क हादसे में लैब टेक्नीशियन की मौत

लखनऊ । लखनऊ में सड़क हादसे में लैब टेक्नीशियन की मौत हो गई। टेक्नीशियन हॉस्पिटल से अपनी शिफ्ट खत्म करके घर लौट रहा था। इस दौरान अज्ञान वाहन ने टक्कर मार दी। भाई का आरोप है एक दिन पहले हॉस्पिटल में सहकर्मी से लड़ाई हुई थी। परिवार ने हत्या की आशंका जताते हुए गोमतीनगर थाने में तहरीर दी है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है।

### लखनऊ में खेत मालिक ने जंगल में फेंका था शव

लखनऊ । लखनऊ के अमावा जंगल से मिले युवक के शव के मामले में पुलिस ने खुलासा कर दिया है। सहिजनपुर के रहने वाले 30 साल के राजेंद्र रावत की मौत खेत में लगाए गए लोहे के तारों में उतरे करंट की चपेट में आने से हुई थी। इस संबंध में पुलिस ने अशर्फीलाल और उसके बेटे को हिरासत में लिया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, ट्यूबवेल मालिक अशर्फीलाल ने अपनी फसल को जानवरों से बचाने के लिए खेत के चारों ओर लोहे के तार लगा रखे थे। इन तारों में रात के समय बिजली का करंट प्रवाहित किया जाता था।

### क्रिप्टो ट्रेडिंग का झांसा, 12.40 लाख उड़ाए

लखनऊ । लखनऊ में साइबर ठगों ने क्रिप्टो करेंसी ट्रेडिंग के नाम पर एक युवक से 12,40,764 रुपए की ठगी कर ली। ठगी टेलीग्राम पर आए एक मैसेज से हुई, जिसमें घर बैठे मोटी कमाई का लालच दिया गया। कानपुर रोड एलडीए कॉलोनी निवासी पीड़ित हिमांशु द्विवेदी (32) के मुताबिक 28 दिसंबर को उनके टेलीग्राम अकाउंट पर क्रिप्टो ट्रेडिंग का ऑफर आया।

## मोहनलालगंज तहसील में वकीलों का हंगामा

### नारे लगाए- एसडीएम तेरी तानाशाही नहीं चलेगी

तमसा संकेत, एजेंसी

मोहनलालगंज (लखनऊ)। लखनऊ की मोहनलालगंज तहसील में शनिवार को समाधान दिवस समस्या दिवस बनता दिखा। यहां वकीलों ने आमजनता से आगे बढ़ते हुए अधिकारियों को लताड़ना शुरू कर दिया। कुछ ही देर में वकीलों की भीड़ आ गई। सबने SDM के सामने नारे लगाए कि SDM तेरी तानाशाही नहीं चलेगी। तहसीलदार मुर्दाबाद-मुर्दाबाद। आरोप लगाए कि तहसील में दलाल एक्टिव हैं। उनके साथ तहसीलदार संलिप्त हैं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्राथमिकता वाले इस समाधान दिवस में अधिकारियों की लापरवाही भी सामने आई। जानकारी के अनुसार, प्रभारी एडीएम सहित पुलिस और अन्य विभागों के कई अधिकारी सुबह 11:40 बजे तक



कार्यक्रम में उपस्थित नहीं हुए। फरियादियों ने अधिकारियों का लंबे समय तक इंतजार किया। इससे आमलोगों में भी नाराजगी देखने को मिली। अधिवक्ताओं ने आरोप लगाया है कि उनकी राय और विचार-विमर्श के बिना सुदूर ग्रामीण अंचल में उपनिबंधक कार्यालय की स्थापना कर दी गई, जिससे आमजन और वकीलों को अनावश्यक परेशानी हो रही है। अधिवक्ताओं का कहना है कि तहसील स्थित न्यायालयों की ओर से पारित आदेशों की विहित समय सीमा के भीतर अमल नहीं किया जा रहा है।

## 01 करोड़ लखपति दीदी बनाने की कार्ययोजना को धरातल पर उतारा जाय : केशव प्रसाद

# 1 करोड़ लखपति दीदी बनाने की योजना तैयार

तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ । प्रदेश में महिला सशक्तिकरण, आर्थिक आत्मनिर्भ-रता और गरीबी उन्मूलन को सुदृढ़ करने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल करते हुए उप मुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य ने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) के अन्तर्गत 03 करोड़ पात्र महिलाओं को स्वयं सहायता समूहों से जोड़ने तथा 01 करोड़ महिलाओं को 'लखपति दीदी' के रूप में विकसित करने के लिए तैयार किए गए विस्तृत एक्शन प्लान के प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश दिए हैं।

उप मुख्यमंत्री द्वारा निर्देशित किया गया है कि नए स्वयं सहायता समूहों के गठन, नए सदस्यों को



जोड़ने तथा लखपति दीदी बनाए जाने के लिए जनपदवार लक्ष्य आवंटन से सम्बन्धित समस्त सूचनाएं शीघ्र उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि इस महत्त्वाकांक्षी योजना में धनराशि का समयबद्ध एवं शत-प्रतिशत सदुपयोग सुनिश्चित किया जाए, किसी भी स्तर पर लापरवाही अथवा शिथिलता स्वीकार्य नहीं होगी।

**लक्ष्य आवंटित कर समूहों से सदस्यों को जोड़ना व लखपति दीदी की श्रेणी में लाना होगा**

> मौर्य ने यह भी निर्देश दिए हैं कि मिशन निदेशक, यूपीएसआरएलएम, लखनऊ द्वारा इस योजना की प्रगति आख्या प्रत्येक 15 दिवस में शासन को उपलब्ध कराई जाए, ताकि लक्ष्य की समयबद्ध एवं प्रभावी पूर्ति सुनिश्चित हो सके।

### 6,67,075 परिवार चिन्हित किए गए

राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा जानकारी दी गयी है कि जीरो पावर्टी अभियान के अन्तर्गत ऐसे 6,67,075 परिवार चिन्हित किए गए हैं,जो अभी तक समूहों से नहीं जुड़े हैं। इसके अतिरिक्त पात्र गृहस्थी एवं अन्त्योदय अन्न योजना के अन्तर्गत ग्रामीण क्षेत्र के 2.90 करोड़ राशन कार्डधारक परिवारों में से अवशेष 2.10 करोड़ परिवार, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के 19,39,967 अवशेष लाभार्थी, 17,38,489 अवशेष विधवा पेंशन लाभार्थी तथा जल जीवन मिशन के अन्तर्गत हर घर नल योजना से आच्छादित परिवारों में से छूटे हुए पात्र निर्धन परिवारों की महिलाओं को विशेष अभियान एवं आईईसी गतिविधियों के माध्यम से स्वयं सहायता समूहों से जोड़ा जाएगा।

श्री मौर्य ने अवगत कराया अब तक प्रदेश में 9,06,225 स्वयं सहायता समूहों का गठन कर 99,39,191 परिवारों की महिलाओं को योजना से आच्छादित किया जा चुका है। निर्देश दिये हैं कि विकसित उत्तर प्रदेश @2047 के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए शेष पात्र परिवारों को भी अभियान के माध्यम से जोड़ा जाना आवश्यक है।

- उप मुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य ने त्रिस्तरीय समितियां गठित करने के दिये निर्देश
- महिला सशक्तिकरण का व्यापक अभियान
- 03 करोड़ महिलाओं को समूहों से जोड़ने का लक्ष्य
- 01 करोड़ लखपति दीदी बनाने हेतु सख्त निगरानी व्यवस्था

लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु उप मुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य द्वारा मण्डल, जनपद एवं विकास खण्ड स्तर पर समितियों के गठन के निर्देश दिए गए हैं।

## सफाई कार्य जारी, अवैध कब्जे को नगर निगम द्वारा हटाया गया

# प्रभारी मंत्री श्री सुरेश कुमार खन्ना पुनः डायमंड डेरी कॉलोनी पहुंचे

तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ । उत्तर प्रदेश के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री तथा लखनऊ जनपद के प्रभारी मंत्री श्री सुरेश कुमार खन्ना पुनः डायमंड डेरी कॉलोनी में सफाई व्यवस्था एवं दिए गए निर्देशों के अनुपालन की स्थिति परखने हेतु अचानक पहुंचे। उन्होंने शुक्रवार को जोन एक के विभिन्न वार्डों में सफाई व्यवस्था का जायजा लेने हेतु प्रातः 7:00 बजे औचक निरीक्षण किया था। निरीक्षण के दौरान मिली खामियों एवं लापरवाही पर कड़ी नाराजगी जाहिर करते हुए अधिकारियों एवं संबंधित कर्मचारियों को कड़ी फटकार लगायी थी। श्री सुरेश कुमार खन्ना ने नगर आयुक्त को निर्देश दिया कि अवैध कब्जे से मुक्त कराए गए



> शुक्रवार को विभिन्न वार्डों के औचक निरीक्षण के दौरान मिली खामियों पर दिए गए निर्देशों के अनुपालन की जमीनी हकीकत को देखा अवैध कब्जे से मुक्त कराए गए स्थान पर ओपन जिम बनाने के दिए निर्देश

स्थान पर ओपन जिम बनवाई जाए । इसके साथ ही जाली के माध्यम से इसकी बैरिकेटिंग भी कराई जाए। उन्होंने कहा कि 20 दिन बाद संबंधित स्थान का पुनः निरीक्षण किया जाएगा। स्वच्छता संबंधी कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता कार्यों में विशेष रुचि लेकर अधिकारी कार्य करें मॉनिटरिंग से परिणाम बेहतर होते हैं। संबंधित अधिकारी लगातार अपने क्षेत्र में स्थलीय निरीक्षण करें और सफाई व्यवस्था को सुनिश्चित कराएं।



### प्रभारी मंत्री स्थिति का जायजा लेने पहुंचे

प्रभारी मंत्री जी शुक्रवार को निरीक्षण के दौरान दिए गए निर्देशों के अनुपालन की स्थिति का जायजा लेने हेतु आज पुनः डायमंड डेरी कॉलोनी पहुंचे और वहां की जमीनी हकीकत को जाना। उन्होंने निरीक्षण के दौरान पाया की सफाई कार्य जारी था तथा काफी हद तक सफाई करा दी गई है और अवैध कब्जे को नगर निगम द्वारा हटा दिया गया है।

## वित्त मंत्री श्री सुरेश कुमार खन्ना की अध्यक्षता में एक प्रतिनिधिमंडल आज जाएगा दाओस

लखनऊ । उत्तर प्रदेश में निवेश को बढ़ावा देने के लिए वित्त मंत्री श्री सुरेश कुमार खन्ना जी की अध्यक्षता में राज्य का एक प्रतिनि-धिमंडल वर्ल्ड इकोनोमिक फोरम में भाग लेने स्विट्जरलैंड जाएगा।

वर्ल्ड इकोनोमिक फोरम का वार्षिक सम्मेलन 19 से 23 जनवरी तक दाओस में आयोजित हो रहा है। सम्मेलन के दौरान प्रतिनिधिमंडल द्वारा सेमीकंडक्टर, पर्यटन, सौर ऊर्जा सहित विभिन्न क्षेत्रों में निवेश के लिए निवेशकों के साथ निवेश प्रस्ताव पर चर्चा की जाएगी।

इस प्रतिनिधिमंडल में वित्त मंत्री जी के साथ अपर मुख्य सचिव वित्त श्री दीपक कुमार, सचिव मुख्यमंत्री श्री अमित सिंह, सीईओ इन्वेस्ट यूपी श्री विजय किरन आनंद शामिल हैं। प्रतिनिधि मंडल 24 जनवरी को वापस आएगा।

# आरोप : बैंक ऑफ बड़ौदा में एफडी घोटाला

### महिलाओं ने शटर डाउन कर हंगामा किया

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ । लखनऊ में शकुंतला मिश्रा विश्वविद्यालय परिसर स्थित एक बैंक पर करोड़ों रुपए के फ्रॉड का आरोप लगा है। इसको लेकर खाताधारकों ने पारा थाने में मुकदमा दर्ज करवाया है। FIR में बैंक मित्र और अधिकारियों-कर्मचारियों पर पैसे हड़पने, फर्जी एफडी बनाने और सबूत मिटाने के गंभीर आरोप लगे हैं। बैंक शाखा परिसर में शनिवार को फिर कई ग्राहकों के खातों से अचानक लाखों रुपए गायब होने की खबर सामने आई। इस वित्तीय हेराफेरी से गुस्साए ग्राहकों और खाताधारकों ने बैंक परिसर में जमकर हंगामा किया और विरोध स्वरूप बैंक का मुख्य शटर बंद कर दिया। ग्राहकों ने कहा- अगर पैसा नहीं मिला तो बैंक अधिकारियों-कर्मचारियों को काट डालेंगे। बैंक ग्राहक कुसमा ने बताया- बैंक मित्र शिवा राव के माध्यम से बैंक में 2



- ग्राहकों ने कहा- जब तक जांच नहीं हो जाती। किसी भी अधिकारी-कर्मचारी का ट्रांसफर नहीं होने देंगे।

लाख रुपए जमा किए थे। हाल में पैसों की जरूरत पड़ी। जब रुपए निकालने बैंक पहुंची, तो खाते की जांच करने पर पता चला कि खाते से पूरा बैलेंस गायब है। इस बात से आक्रोशित होकर कुसुमा ने बैंक प्रबंधन से जवाब मांगा, लेकिन संतोषजनक उत्तर न मिलने पर दूसरी महिला ग्राहकों के साथ मिलकर बैंक का शटर बंद कर प्रदर्शन किया।

## आयोजन : त्वरित एवं समयबद्ध तरीके से गुणवत्ता पूर्वक निस्तारण के सख्त निर्देश : जिलाधिकारी

# सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 445 प्रकरण हुए प्राप्त

तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ । जिलाधिकारी श्री विशाख जी0 ने बताया कि जनपद की पांचों तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किये गये। जिलाधिकारी ने कहा कि जनसामान्य की शिकायतों का स्थानीय स्तर पर समाधान किया जाना सरकार की प्राथमिकता है जिसके क्रम में तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जाता है। जिलाधिकारी ने यह भी कहा कि सभी अधिकारी जनता की इन शिकायतों का निस्तारण त्वरित एवं समयबद्ध तरीके से एक सप्ताह में करना सुनिश्चित करें। श्री विशाख जी0 ने बताया कि तहसील बीकेटी में आयोजित सम्पूर्ण समाधान



दिवस में कुल 131 प्रकरण प्राप्त हुये, जिसमें से 37 प्रकरणों का निस्तारण विभिन्न टीमो के माध्यम से कर दिया गया। शेष प्रकरणों को निस्तारण हेतु सम्बन्धित विभागों को इस निर्देश के साथ उपलब्ध करा दिये गये कि उनका निस्तारण एक सप्ताह में सुनिश्चित करा दिया जायें। उन्होंने बताया कि आज के सम्पूर्ण समाधान दिवसो में तहसील सदर में 36 में से 04 प्रकरण का निस्तारण , तहसील मलिहाबाद में 52 में से 04 प्रकरण का निस्तारण, तहसील बी0के0टी0 में 131 में से 37 प्रकरण का निस्तारण, तहसील मोहनलालगंज में 133 में से 34 प्रकरण का निस्तारण तथा तहसील सरोजनीनगर में 93 में से 08 प्रकरण का निस्तारण मौके पर किया गया।

> जिलाधिकारी की अध्यक्षता में तहसील बख्शी का तालाब में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन
>
> 87 प्रकरणों का निस्तारण मौके पर किया गया
>
> तहसील बीकेटी में जिलाधिकारी द्वारा किया गया 37 प्रकरणों का मौके पर निस्तारण
>
> सभी अधिकारी विधिक प्रक्रियाओ के अनुपालन करते हुए ससमय प्रकरणों का निस्तारण करना कर-एंगे सुनिश्चित-जिलाधिकारी
>
> समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों का निस्तारण करके शिकायतकर्ताओं को कराया जाए अवगत
>
> - जिलाधिकारी




### निस्तारण के लिए समय सीमा निर्धारित की गई

समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी द्वारा सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिए गए की आज जो भी प्रकरण प्राप्त हुए है उनके निस्तारण के लिए समय सीमा निर्धारित की गई है। सभी प्रकरणों का निस्तारण निर्धारित समय सीमा में करते हुए, फोटो व वीडियो सहित आख्या उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए। उक्त के साथ ही जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिए गए की समाधान दिवस के जो भी प्रकरण निस्तारण करने के लिए अधिकारियों को दिए गए है उन सभी प्रकरणों में निस्तारण के बाद अधिकारीगण शिकायतक-र्ताओं से कॉल करके फीडबैक लेना सुनिश्चित करे।

# लखनऊ यूनिवर्सिटी में बवाल एबीवीपी गुट से भिड़े छात्र

### रोहित वेमुला की याद में मार्च निकाला, नारे लगाए- तेरे कातिल जिंदा हैं

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ । लखनऊ यूनिवर्सिटी में शनिवार को बवाल हो गया। बिरसा अंबेडकर फुले छात्र संगठन (BAPSA) ने रोहित वेमुला की याद में मार्च निकाला। उन्हें पुलिस ने शांत कराकर लौटा दिया। कुछ देर बाद ABVP के कार्यकर्ताओं से उनकी झड़प शुरू हो गई। मामला मारपीट तक पहुंच गया। पुलिस को मारपीट रोकने में काफी मशक्कत करनी पड़ी।

रोहित वेमुला की स्मृति मार्च निकाल रहे छात्रों और दूसरे गुट के बीच नारे लगाने को लेकर पहले बहस शुरू हुई। कुछ ही देर में दोनों ओर से तेज नारेबाजी होने लगी, जिससे माहौल तनावपूर्ण हो गया। इस दौरान BAPSA और ABVP



से जुड़े छात्र आमने-सामने आ गए।

कैंपस में बवाल के बाद BAPSA की ओर से लिखित बयान सामने आया। इसमें कहा गया - लखनऊ विश्वविद्या-लय में 12 बजे बिरसा अंबेडकर फूले छात्र संगठन के छात्रों ने रोहित वेमुला की याद में ₹रोहित स्मृति यात्रा₹ निकाली। यात्रा शांतिपूर्ण थी, लेकिन RSS और ABVP के गुंडों ने छात्रों पर हमला कर दिया। यात्रा को रोक कर छात्रों को जान से मारने की कोशिश की।

### 'रोहित हम शर्मिंदा हैं, तेरे कातिल जिंदा हैं'

लखनऊ विश्वविद्यालय में बिरसा अंबेडकर छात्र संगठन के छात्रों ने रोहित वेमुला की याद में मार्च निकाला। शनिवार को छात्र विश्वविद्यालय अंबेडकर प्रतिमा के पास इकट्ठा हुए। इसके बाद नारेबाजी की। मौके पर सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए पुलिस बल भी मौजूद रहा।

इसमें छात्रों ने नारेबाजी की- 'रोहित हम शर्मिंदा हैं। तेरे कातिल जिंदा हैं'। छात्रों का कहना है कि उनका उत्पीड़न नहीं होना चाहिए। ऐसा करने वाले लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए, ताकि दोबारा से किसी के साथ में ऐसा न हो।

# श्रवण धाम महोत्सव का शुभारंभ

**आयोजन**

## प्रभारी मंत्री करेंगे उद्घाटन, भक्ति और लोकसंस्कृति की रहेगी धूम

**बृजेंद्र वीर सिंह**

तमसा संकेत, अम्बेडकरनगर। उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग के सहयोग से जिला प्रशासन द्वारा आयोजित श्रवण धाम महोत्सव–2026 का भव्य शुभारंभ आज रविवार को किया जाएगा। विकास खंड कटेहरी अंतर्गत श्रवण क्षेत्र के चिउटीपारा में आयोजित इस महोत्सव का उद्घाटन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) खेल एवं युवा कल्याण तथा जनपद के प्रभारी मंत्री गिरिश चंद्र यादव करेंगे। उद्घाटन समारोह में सदस्य विधान परिषद हरिओम पांडे, विधायक कटेहरी धर्मराज निषाद, जिला पंचायत अध्यक्ष श्याम सुंदर वर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक मौजूद रहेंगे। दोपहर 12 से 1 बजे तक सनातन भजनों का आयोजन किया जाएगा। इसके बाद 1 से 3 बजे तक महिला सशक्तिकरण से जुड़े विभागीय कार्यक्रम आयोजित होंगे, जिनमें सरकारी योजनाओं और कार्यक्रमों की जानकारी दी जाएगी। दोपहर बाद 3:30 से 4:30 बजे तक ब्रज क्षेत्र से आए कलाकारों द्वारा फूलों की होली और मयूर नृत्य प्रस्तुत किया जाएगा। इसके बाद 4:30 से 6 बजे तक गंगा आरती और दीपोत्सव का आयोजन होगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है।



**सायंकाल 6 से 9 बजे तक सुप्रसिद्ध भजन गायक अनुप जलोटा द्वारा भव्य भजन संध्या प्रस्तुत की जाएगी। यह कार्यक्रम महोत्सव का प्रमुख आकर्षण रहेगा। भजन संध्या को लेकर श्रद्धालुओं और संगीत प्रेमियों में खास उत्साह देखा जा रहा है।**



### सुरक्षा और सुविधाओं के पुख्ता इंतजाम

श्रवण धाम महोत्सव के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए पार्किंग, स्वच्छता, पेयजल, शौचालय, प्रकाश व्यवस्था, विद्युत सुरक्षा और कानून व्यवस्था के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित विभागों को निर्देश दिया है कि वे आपसी समन्वय के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें, ताकि आयोजन शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हो सके।

### श्रवण धाम परिसर सजा, तैयारियां पूरी

महोत्सव को भव्य स्वरूप देने के लिए जिला प्रशासन द्वारा सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। श्रवण धाम परिसर को रंग-बिरंगे फूलों, आकर्षक विद्युत सज्जा और सांस्कृतिक प्रतीकों से सजाया गया है। आयोजन स्थल पर श्रद्धालुओं और आगंतुकों की सुविधा के लिए प्रवेश और निकास की सुव्यवस्थित व्यवस्था, बैठने के पर्याप्त इंतजाम और आवश्यक मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित की गई हैं। शुभारंभ दिवस के कार्यक्रमों की शुरुआत प्रातः 9 बजे पूजन और हवन के साथ होगी, जो 10 बजे तक चलेगा। इसके बाद 10 से 10:30 बजे तक स्थानीय कलाकारों द्वारा भक्ति प्रस्तुतियां दी जाएंगी। 10:30 से 11 बजे तक स्कूली बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम, 11 से 11:30 बजे तक लोकगीत और भक्ति संगीत तथा 11:30 से 12 बजे तक लोक नृत्य की प्रस्तुति होगी।

# नगर पालिका परिषद अकबरपुर की बोर्ड बैठक हुई सम्पन्न

## सीवरेज, जलनिकासी, सौंदर्यीकरण और संसाधन क्रय के प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित

**तमसा संकेत, संवाददाता**

अम्बेडकरनगर। नगर पालिका परिषद अकबरपुर की बोर्ड बैठक शनिवार को नगर पालिका सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता अध्यक्ष चन्द्र प्रकाश वर्मा ने की। बैठक में नगर के विकास, सौंदर्यीकरण, संसाधनों की उपलब्धता और आय वृद्धि से जुड़े महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर विस्तार से चर्चा की गई, जिन्हें सर्वसम्मति से पारित किया गया।

बैठक में बोर्ड सदस्य अशोक कुमार, जयराम, सवीना खातून, कान्जी सरल, प्रदीप मिश्र, सत्या, राजकुमार, सुरेन्द्र गुप्ता, अतुल वर्मा, दुर्गावती, अनिल कुमार, मो सलीत, संदीप चौहान, शिवकुमार, कविता देवी, वैभव गुप्ता, उषा देवी, आदित्य प्रताप, अरविन्द कुमार, बेबी तबस्सुम, गीता देवी और नीतू चौहान उपस्थित रहे।



इसके अलावा डिप्टी कलेक्टर एवं अधिशासी अधिकारी विशाल सारस्वत, अवर अभियंता (जल) शैलेन्द्र सिंह, अवर अभियंता (सिविल) मालविका सिंह, प्रधान लिपिक अनूप कुमार, लेखाकार ओंकारनाथ तिवारी और रबि उपाध्याय भी बैठक में शामिल रहे। बैठक का संचालन प्रधान लिपिक अनूप कुमार ने किया।

बैठक में नगर क्षेत्र की सीवरेज और जल निकासी व्यवस्था को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। निर्णय लिया गया कि पुराने नाली-नालों के स्थान पर नए नालों का निर्माण कराया जाएगा। यह कार्य सीवरेज एवं जल निकासी मद के अंतर्गत किया जाएगा, जिससे नगर में जलभराव की समस्या से राहत मिल सके।

### 15वें वित्त आयोग मद से संसाधनों की खरीद

बोर्ड ने 15वें वित्त आयोग मद में उपलब्ध धनराशि से नगर पालिका के लिए आवश्यक संसाधनों की खरीद का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया। इसमें ट्रॉली दो अदद, छोटा हाथी पांच अदद, ट्रैक्टर दो अदद, फॉगिंग मशीन दो अदद, ई-रिक्शा, हाथ ठेला 100 अदद, डस्टबिन कंटेनर 50 अदद, हरा-नीला डस्टबिन 150 सेट और एक रिफ्यूज कम्पेक्टर कूड़ा गाड़ी शामिल है।

**फास्ट न्यूज**

### रेलवे फाटक 82सी पर मरम्मत कार्य के चलते बंद, यातायात प्रभावित

अंबेडकरनगर।अकबरपुर रेलवे स्टेशन के पूर्वी छोर पर स्थित जौहरडीह रेलवे फाटक 82C शनिवार सुबह से 19 जनवरी तक बंद कर दिया गया है। फाटक के बंद होने का कारण अकबरपुर यार्ड क्षेत्र में जरूरी तकनीकी मरम्मत कार्य बताया गया है। इस दौरान स्थानीय लोग और राहगीर वैकल्पिक मार्गों का इस्तेमाल करने को मजबूर हैं।

### श्रवण धाम महोत्सव को लेकर पुलिस प्रशासन सतर्क

अम्बेडकरनगर। रविवार से थाना अकबरपुर क्षेत्र में शुरू होने वाले श्रवण धाम महोत्सव के दृष्टिगत पुलिस प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक अभिजित आर शंकर ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, पार्किंग और कानून-व्यवस्था से जुड़े सभी बिंदुओं की गहन समीक्षा की गई। पुलिस अधीक्षक ने श्रवण धाम महोत्सव के आयोजन स्थल के साथ-साथ आसपास के मार्गों, प्रवेश और निकास बिंदुओं का जायजा लिया।

### महाराणा प्रताप की पुण्यतिथि पर विशेष कार्यक्रम

अंबेडकर नगर। सर्व समाज के पुरोधा वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की पुण्यतिथि के अवसर पर 19 जनवरी, 2026 को जिला पंचायत परिसर अंबेडकर नगर में विशेष आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम दोपहर 12 बजे शुरू होगा। क्षत्रिय समाज की ओर से आयोजित इस पुण्यतिथि समारोह में महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उनकी स्मृति और आदर्शों को सम्मानित किया जाएगा।

# आर्थिक तंगी में फंसे 12 वर्षीय छात्र को जिला अधिकारी ने दिलाई मदद

## मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना से होगी आर्थिक सहायता

**तमसा संकेत, संवाददाता**

अम्बेडकरनगर। आर्थिक तंगी के कारण पढ़ाई जारी रखने में मुश्किलों का सामना कर रहे 12 वर्षीय चन्द्र प्रकाश वर्मा के लिए प्रशासन ने तुरंत मदद का कदम उठाया है। शनिवार को जनता दर्शन के दौरान चन्द्र प्रकाश अपने चाचा विवेक वर्मा के साथ जिला अधिकारी अनुपम शुक्ला से मिला। बच्चे ने अपनी शिक्षा और आर्थिक कठिनाईयों की स्थिति सीधे अधिकारियों के सामने रखी।

चन्द्र प्रकाश वर्मा ने बताया कि उनके पिता जय प्रकाश वर्मा की 2015 में मृत्यु हो चुकी है और उनकी माता उन्हें छोड़कर चली गई। इसके बाद वह पूरी तरह अनाथ हो गए। वर्तमान में वह अपनी बुआ लालमती के साथ अयोध्या में रहकर कक्षा 6 की पढ़ाई कर रहे हैं। उन्होंने यह भी बताया कि स्कूल की फीस, किताबें और अन्य शैक्षणिक खर्च परिवार के लिए बोझ बन गए हैं और अभी तक उन्हें किसी सरकारी योजना का लाभ नहीं मिल सका है।



जिला अधिकारी अनुपम शुक्ला ने बच्चे की बात ध्यान से सुनी और उसे चॉकलेट देकर प्रोत्साहित किया। इसके बाद उन्होंने जिला प्रोबेशन अधिकारी राकेश कुमार से फोन पर संपर्क कर मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना की जानकारी ली। अधिकारियों ने तत्काल निर्देश दिए कि चन्द्र प्रकाश को इस योजना के तहत प्रतिमाह 2500 रुपये की आर्थिक सहायता दी जाए। जिला अधिकारी ने यह भी आश्वासन दिया कि चन्द्र प्रकाश पात्रता अनुसार अन्य सभी सरकारी योजनाओं का लाभ भी प्राप्त कर सकेंगे।

# न्याय बातों से नहीं, संघर्ष से मिलता है : अजय राय

## लापता हिमांशू के परिजन कांग्रेस प्रदेश मुख्यालय पहुंचे, जताया आभार

**तमसा संकेत, संवाददाता**

अम्बेडकरनगर। जनपद के आलापुर विधानसभा क्षेत्र के सफरुद्दीनपुर गांव से लापता हुए बच्चे हिमांशू के 54 दिनों बाद बरामद होने के मामले को लेकर राजनीति गरमा गई है। लापता बच्चे के माता-पिता और परिजन लखनऊ स्थित प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पहुंचकर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय से मिले और सहयोग के लिए आभार जताया। इस दौरान अजय राय ने कहा कि न्याय केवल बातों से नहीं, बल्कि संघर्ष से मिलता है। जानकारी के अनुसार आलापुर विधानसभा क्षेत्र के सफरुद्दीनपुर गांव निवासी बच्चा हिमांशू बीते वर्ष रहस्यमय परिस्थितियों में लापता हो गया था। परिजनों ने पुलिस और प्रशासन से लगातार गुहार लगाई, लेकिन कई सप्ताह तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो सकी। बच्चे की बरामदगी न होने से परिजनों में गहरा आक्रोश फैल गया।



हिमांशू के लापता होने के बाद परिजनों ने अम्बेडकरनगर जिला मुख्यालय पर स्थित अम्बेडकर प्रतिमा के समक्ष अनिश्चितकालीन अनशन शुरू किया। इस दौरान स्थानीय कांग्रेस कार्यकर्ता और जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी भी धरना-प्रदर्शन में शामिल रहे। परिजनों का आरोप था कि प्रशासन लापता बच्चे के मामले में गंभीरता नहीं दिखा रहा है। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय ने इस पूरे घटनाक्रम का जिक्र करते हुए कहा कि जब तक जनदबाव और संघर्ष नहीं होता, तब तक व्यवस्था हरकत में नहीं आती। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने इस मामले को मजबूती से उठाया और प्रशासन पर दबाव बनाया, जिसके बाद कार्रवाई तेज हुई।

कांग्रेस नेताओं का दावा है कि जब प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने इस मामले में मोर्चा संभाला और धरना-प्रदर्शन को समर्थन दिया, तब प्रशासन की सक्रियता बढ़ी। इसके बाद महज सात दिनों के भीतर लापता हिमांशू को बरामद कर लिया गया।

# ए.एस.पी. विद्यापीठ में क्रिकेट प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ

**तमसा संकेत, संवाददाता**

अम्बेडकरनगर। ग्रामीण प्रतिभाओं को मंच देने और खेल के प्रति उत्साह बढ़ाने के उद्देश्य से ए.एस.पी. विद्यापीठ, फखरपुर जलालपुर में स्वर्गीय अनिरुद्ध सिंह परिवार कैनवास बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ शनिवार को भव्य रूप से हुआ। उद्घाटन समारोह में अयोध्या जनपद के गोसाईगंज विधायक अभय कुमार सिंह मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। उद्घाटन के दौरान विधायक ने फीता काटकर प्रतियोगिता की औपचारिक शुरुआत की। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रबंधक अरुण कुमार सिंह ने विधायक से प्रतीकात्मक रूप से एक ओवर की गेंदबाजी कराकर प्रतियोगिता की शुरुआत कराई। इस कदम ने खिलाड़ियों और दर्शकों में उत्साह और जोश भर दिया। उद्घाटन समारोह में क्षेत्र के खेल प्रेमियों और युवाओं की भी अच्छी खासी मौजूदगी रही। प्रतियोगिता का पहला मुकाबला अजईपुर और अमौली ग्रामसभा की टीमों के बीच खेला गया। टॉस जीतकर अजईपुर ने पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। अमौली की टीम ने निर्धारित 8 ओवर में 4 विकेट के नुकसान पर 80 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी अजईपुर की टीम 8 ओवर में 9 विकेट खोकर केवल 79 रन ही बना सकी। इस प्रकार अमौली की टीम ने यह मुकाबला महज 1 रन से जीत लिया। इस करीबी जीत ने दर्शकों और खिलाड़ियों में उत्साह का माहौल बना दिया।



प्रतियोगिता के दूसरे मुकाबले में बड़ेगांव और फखरपुर की टीमें आमने-सामने थीं।

## अम्बेडकरनगर में स्वास्थ्य व्यवस्था पर सवाल, चिकित्सकीय लापरवाही का आरोप

# अस्पताल में नॉर्मल डिलीवरी के बाद महिला की हुई मौत

**तमसा संकेत, संवाददाता**

अम्बेडकरनगर। जनपद के संयुक्त जिला अस्पताल में नॉर्मल डिलीवरी के बाद महिला की मौत का मामला सामने आने से स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया है। मृतका के पति ने अस्पताल में तैनात डॉक्टर और सहायक स्टाफ पर गंभीर चिकित्सकीय लापरवाही का आरोप लगाते हुए मुख्य चिकित्साधिकारी को शिकायती पत्र सौंपा है। मामले में निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मेराज अहमद पुत्र इस्लामुद्दीन निवासी मोहल्ला मीरानपुर रसूलाबाद, फैजाबाद रोड, थाना कोतवाली अकबरपुर ने शिकायत में बताया कि उनकी पत्नी नाजिश को 16 जनवरी की रात प्रसव पीड़ा होने पर संयुक्त जिला अस्पताल अम्बेडकरनगर में भर्ती कराया गया था। अस्पताल में तैनात डॉक्टरों द्वारा नॉर्मल डिलीवरी कराई गई। शिकायत पत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि नॉर्मल डिलीवरी के बावजूद महिला को 12 से 15 टांके लगाए गए। परिजनों का कहना है कि इतने टांके लगाए जाने का कोई स्पष्ट कारण नहीं बताया गया। इसके बाद भी रक्तस्राव पर नियंत्रण नहीं पाया जा सका।



इलाज में कथित लापरवाही के चलते नाजिश की हालत और गंभीर होती चली गई और अंततः उसकी मौत हो गई। घटना के बाद अस्पताल परिसर में अफरा-तफरी मच गई। महिला की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया और अस्पताल प्रशासन पर गंभीर सवाल खड़े हो गए। घटना के बाद पीड़ित पति ने मुख्य चिकित्साधिकारी को लिखित शिकायत देकर पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। शिकायत में कहा गया है कि यदि समय रहते सही इलाज और उचित निगरानी की जाती तो महिला की जान बचाई जा सकती थी। शिकायतकर्ता ने डॉक्टर और सहायक स्टाफ के खिलाफ चिकित्सकीय लापरवाही का आरोप लगाते हुए एफआईआर दर्ज कराने की मांग की है।

### लापरवाही का आरोप, इलाज में देरी

पीड़ित पति का कहना है कि ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर अंजनी पाठक और उनके सहायक स्टाफ नीतू गुप्ता व प्रीति सिंह ने शिकायतों के बावजूद समय पर उचित इलाज नहीं किया। महिला की हालत लगातार बिगड़ती रही, लेकिन न तो वरिष्ठ डॉक्टरों को बुलाया गया और न ही जरूरी चिकित्सकीय कदम उठाए गए। शिकायत के अनुसार डिलीवरी के कुछ समय बाद ही नाजिश की हालत अचानक बिगड़ने लगी। अत्यधिक रक्तस्राव शुरू हो गया, जिसकी जानकारी परिजनों ने तत्काल ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर और नर्सिंग स्टाफ को दी। परिजनों का आरोप है कि बार-बार अवगत कराने के बावजूद स्थिति की गंभीरता को नजरअंदाज किया गया।

# राज्य मंत्री और नगर पंचायत अध्यक्ष ने किया संयुक्त रूप से कंबल वितरण

## किछौछा दरगाह पर 1500 जायरीनों को बांटे गए कंबल

**तमसा संकेत, संवाददाता**

बसखारी, अम्बेडकरनगर। ठंड के मौसम में जरूरतमंदों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से सईदा शकीला चैरिटेबल ट्रस्ट के तत्वावधान में शुक्रवार देर शाम कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। किछौछा स्थित हजरत सैयद मखदूम अशरफ की दरगाह परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री सर्वेश पाठक और नगर पंचायत अध्यक्ष ओमकार गुप्ता ने संयुक्त रूप से जायरीनों को कंबल वितरित किए। कार्यक्रम के तहत दरगाह पर पहुंचे करीब 1500 जायरीनों को कंबल वितरित किए गए। वितरण का सिलसिला देर रात तक चलता रहा। बड़ी संख्या में जायरीनों की मौजूदगी के बीच कंबल वितरण को लेकर पूरी व्यवस्था सुव्यवस्थित रही। ठंड के मौसम में कंबल मिलने से जायरीनों को राहत मिली। कंबल वितरण के दौरान दरगाह परिसर में शांति और अनुशासन बना रहा। ट्रस्ट के पदाधिकारियों और स्वयंसेवकों ने वितरण व्यवस्था को संभालते हुए जायरीनों को क्रमबद्ध तरीके से कंबल उपलब्ध कराए। कार्यक्रम में किसी प्रकार की अव्यवस्था नहीं देखी गई। ठंड के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए आयोजित इस कार्यक्रम को स्थानीय स्तर पर महत्वपूर्ण माना जा रहा है। दरगाह पर दूर-दराज से आने वाले जायरीनों को ठंड से बचाव के लिए कंबल उपलब्ध कराना कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य रहा।



### सेवा कार्यों से मजबूत होता है सामाजिक ताना-बाना

कंबल वितरण कार्यक्रम के दौरान राज्य मंत्री सर्वेश पाठक ने कहा कि समाज के जरूरतमंद लोगों की सेवा करना सबसे बड़ा धर्म है। इस प्रकार के सामाजिक कार्य आपसी भाईचारे और इंसानियत को मजबूत करते हैं। उन्होंने सईदा शकीला चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा किए जा रहे सेवा कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रयास लगातार चलते रहने चाहिए, ताकि गरीब और असहाय लोगों को समय पर सहायता मिल सके।

# स्वर्गीय सूर्यपाल वर्मा मेमोरियल राज्यस्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट

**तमसा संकेत, संवाददाता**

अंबेडकर नगर। अंबेडकर नगर जिला क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित स्वर्गीय सूर्यपाल वर्मा मेमोरियल राज्यस्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट का खिताब शीश महल लखनऊ ने अपने नाम कर लिया। फाइनल मुकाबले में लखनऊ की टीम ने बस्ती को 101 रन के बड़े अंतर से पराजित कर शानदार जीत दर्ज की। फाइनल मैच में शीश महल लखनऊ ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिया। निर्धारित 20 ओवर में टीम ने 8 विकेट के नुकसान पर 232 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया। लखनऊ की पारी की शुरुआत से ही बल्लेबाजों ने आक्रामक रुख अपनाया और बस्ती के गेंदबाजों पर लगातार दबाव बनाए रखा।

लखनऊ की ओर से गुरमन ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए मात्र 23 गेंदों पर 65 रन बनाए। इस दौरान उन्होंने पांच चौके और छह छक्के जड़ते हुए दर्शकों को रोमांचित किया। गुरमन की इस विस्फोटक पारी ने लखनऊ को बड़े स्कोर की ओर अग्रसर किया। इसके अलावा सर्वेश ने 39 रन और अनुपम मुरारी ने 20 रन का योगदान दिया। बस्ती की ओर से आशुतोष ने तीन विकेट लिए, जबकि रामपाल को दो सफलता मिली। गोकुल, शाहनवाज और रुद्र ने एक-एक विकेट झटका, लेकिन वे लखनऊ के बल्लेबाजों को बड़े स्कोर से नहीं रोक सके।



**फाइनल में शीश महल लखनऊ का दबदबा, बस्ती को 101 रन से हराकर बना चैंपियन**

**कार्यक्रम : कटेहरी क्षेत्र को मिली आवागमन की नई सुविधा, श्रद्धालुओं को होगा लाभ**

# श्रवण धाम महोत्सव पर तमसा नदी के नवनिर्मित पुल का लोकार्पण

**तमसा संकेत, संवाददाता**

अम्बेडकरनगर। श्रवण धाम महोत्सव के अवसर पर जनपद को एक महत्वपूर्ण विकास कार्य की सौगात मिली। विधान मंडल क्षेत्र विकास निधि योजना के अंतर्गत श्रवण क्षेत्र धाम में तमसा नदी पर निर्मित नए पुल का लोकार्पण शनिवार को विधान परिषद सदस्य हरिओम पांडे द्वारा किया गया। पुल के लोकार्पण से क्षेत्रीय आवागमन को मजबूती मिलने के साथ ही श्रवण धाम आने वाले श्रद्धालुओं को विशेष सुविधा मिलेगी।

तमसा नदी पर बने इस नए पुल से श्रवण क्षेत्र धाम का संपर्क आसपास के गांवों और प्रमुख मार्गों से और मजबूत होगा। अब स्थानीय लोगों को नदी पार करने के लिए वैकल्पिक या अस्थायी साधनों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। इससे क्षेत्र के सामाजिक और आर्थिक विकास को भी गति मिलने की उम्मीद है।



श्रवण धाम महोत्सव के दौरान प्रतिवर्ष बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। पहले नदी पार करने में होने वाली असुविधा को देखते हुए यातायात व्यवस्था चुनौतीपूर्ण रहती थी। नवनिर्मित पुल से श्रद्धालुओं की आवाजाही सरल होगी और जाम की स्थिति से भी राहत मिलेगी। यह पुल विधान मंडल क्षेत्र विकास निधि योजना के अंतर्गत निर्मित किया गया है।

### प्रमुख अधिकारी रहे उपस्थित

लोकार्पण कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक अभिजित आर शंकर, अपर जिलाधिकारी न्यायिक रंजीत सिंह, परियोजना अधिकारी डीआरडीए अनिल कुमार सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा और व्यवस्थाओं को लेकर प्रशासन की ओर से आवश्यक इंतजाम किए गए थे।



### श्रवण धाम महोत्सव से जुड़ा रहा लोकार्पण कार्यक्रम

श्रवण धाम महोत्सव के दौरान आयोजित इस लोकार्पण कार्यक्रम को प्रशासनिक और विकासात्मक दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। तमसा नदी पर बने इस पुल से श्रद्धालुओं, स्थानीय ग्रामीणों और आगंतुकों को आवागमन में सहूलियत होगी। महोत्सव के समय बड़ी संख्या में श्रद्धालु श्रवण क्षेत्र पहुंचते हैं, ऐसे में यह पुल यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाने में अहम भूमिका निभाएगा।

# तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस फरियादियों की भीड़ रही मौजूद

**तमसा संकेत, संवाददाता**

अंबेडकर नगर। अंबेडकर नगर जिले की सभी तहसीलों में शासन के निर्देशानुसार संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर फरियादियों की भारी भीड़ तहसील सभागार में पहुंची और विभिन्न प्रशासनिक समस्याओं के निस्तारण हेतु आवेदन प्रस्तुत किए।

अकबरपुर तहसील में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट प्रतीक्षा सिंह की अध्यक्षता में आयोजित जनसुनवाई में 58 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। इसमें से 04 प्रार्थना पत्रों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। शेष प्रार्थना पत्रों को संबंधित विभागों और अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निस्तारण हेतु सौंपा गया। तहसीलदार संतोष कुमार, नायब तहसीलदार और अन्य विभागीय अधिकारी–कर्मचारी मौके पर मौजूद रहे। भीटी तहसील में मुख्य विकास अधिकारी आनंद कुमार शुक्ला की अध्यक्षता में समाधान दिवस का आयोजन हुआ। इस दौरान कुल 52 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 06 शिकायती पत्रों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। शेष प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध निस्तारण के लिए सौंपा गया। जलालपुर तहसील में इस मौके पर 74 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। मौके पर 04 प्रार्थना पत्रों का निस्तारण किया गया। शेष प्रार्थना पत्रों को संबंधित विभागों को गुणवत्तापूर्वक निस्तारण हेतु सौंपा गया। प्रशासन ने यह सुनिश्चित किया कि सभी शिकायतों का समाधान निर्धारित समय में किया जाए। तहसील टांडा में कुल 15 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें से 02 प्रार्थना पत्रों का मौके पर ही निस्तारण किया गया।



# सम्पादकीय

## भाजपा की जीत, महाराष्ट्र के निकाय चुनाव में दिखा दबदबा



देश में सबसे अधिक बजट वाले नगर निकाय बृहन्मुंबई नगर निगम यानी बीएमसी पर प्रभुत्व कायम करने वाली भाजपा और एकनाथ शिंदे की शिवसेना ने महाराष्ट्र के अन्य अधिकांश निकायों के चुनावों में जीत हासिल कर राष्ट्र का ध्यान इसलिए अपनी ओर खींचा, क्योंकि इन चुनावों को मिनी विधानसभा चुनावों की संज्ञा दी गई थी।

बीएमसी के चुनाव नतीजों पर अधिक ध्यान था, क्योंकि यहां पर ठाकरे परिवार की शिवसेना का 25 वर्षों से कब्जा था। शिवसेना-उद्धव ठाकरे का बीएमसी की सत्ता से बाहर होना एक बड़ा झटका है, क्योंकि इस निकाय का करीब 75 हजार करोड़ रुपये का बजट उसे देश की आर्थिक राजधानी में राजनीतिक शक्ति के साथ आर्थिक ताकत भी प्रदान करता था। उद्धव ठाकरे ने बीएमसी पर अपनी पकड़ बनाए रखने के लिए राज ठाकरे की महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना से हाथ मिलाया, लेकिन यह मेल उस पर भारी पड़ा। इसका एक कारण यह रहा कि वह अपनी विचारधारा से भटकती दिखी। कभी भाजपा की स्वाभाविक सहयोगी रही शिवसेना ने पहले धुर विरोधी दलों कांग्रेस और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी से हाथ मिलाया, फिर निकाय चुनावों में मनसे से हाथ मिला लिया, जो मराठी मानुस के अपने उग्र एजेंडे के कारण उत्तर भारतीयों के प्रति बैर रखने वाली पार्टी है।

इस बार तो राज ठाकरे ने तमिलनाडु भाजपा नेता अन्नामलाई के प्रति अपमानजनक बातें करके उत्तर भारतीयों समेत महाराष्ट्र के बाहर के सभी बाशिंदों को सशंकित कर दिया। यह उद्धव ठाकरे के पराभव का दूसरा कारण रहा। उद्धव यह भूल गए कि अब राज्य के बड़े शहरों में अन्य राज्यों के लोगों की बड़ी संख्या है। मुंबई तो देश भर के लोगों का घर है। कहना कठिन है कि निकाय चुनावों के निराशाजनक नतीजों के बाद उद्धव ठाकरे मनसे का हाथ छोड़कर फिर से कांग्रेस के साथ खड़े होंगे या नहीं, लेकिन उनके लिए महाराष्ट्र की राजनीति में प्रासंगिक बने रहना किसी चुनौती से कम नहीं। चुनौती कांग्रेस के सामने भी है, क्योंकि निकाय चुनावों में अपेक्षित नतीजे न मिल पाने के कारण राष्ट्रीय दल के रूप में उसकी स्थिति और कमजोर दिखने लगी है।

एक चुनौती शानदार जीत हासिल करने वाली भाजपा के सामने भी है और यह है बीएमसी के कामकाज को भ्रष्टाचार से मुक्त करने और मुंबई का सही तरीके से विकास करने की। बीएमसी शिवसेना का आर्थिक संबल इसीलिए थी, क्योंकि भ्रष्ट तौर-तरीकों के कारण नगर निकाय का पैसा उसके नेताओं के पास पहुंचता था। बीएमसी के इसी भ्रष्टाचार के कारण मुंबई अंतरराष्ट्रीय शहर के रूप में विकसित नहीं हो पा रही थी। मुंबई को खराब सड़कों, ट्रैफिक जाम और प्रदूषण से त्रस्त शहर की छवि से मुक्त करना भाजपा की पहली प्राथमिकता बननी चाहिए।

## सबक सिखाती अमेरिकी शिक्षा व्यवस्था

एक आंकड़े के अनुसार अमेरिका के निजी विश्वविद्यालयों में पढ़ने वाले छात्रों में 61 प्रतिशत से लेकर 83 प्रतिशत तक छात्र कर्ज लेते हैं। जो कालेज निजी और सरकारी मदद, दोनों से चलते हैं, वहां 54 से 61 प्रतिशत और सरकारी संस्थान जिन्हें पब्लिक इंस्टीट्यूशन कहा जाता है, वहां भी 33 से 49 प्रतिशत छात्रों को कर्ज लेना पड़ता है। अमेरिकी शिक्षा विभाग की प्रमुख एजेंसी नेशनल सेंटर फार एजुकेशन स्टैटिस्टिक्स के अनुसार कर्ज की यह राशि हर साल बढ़ती ही जाती है। आज यह राशि अरबों में जा पहुंची है। इस पर लगाने वाले ब्याज की दर भी बहुत ज्यादा होती है। पिछले साल अमेरिका में हर छात्र के ऊपर 39,375 डालर का कर्ज था। वर्ष 2007 की तुलना में यह तीन गुना अधिक है। आम तौर पर वहां मध्य वर्ग के बच्चे कर्ज के बोझ से दबे रहते हैं। मैरीलैंड, जार्जिया, वर्जीनिया जैसे राज्यों के छात्र ज्यादा कर्ज लेते हैं। नौकरी के बाद वे लंबे समय तक कर्ज चुकाते रहते हैं। अधिकांश छात्र 35 से लेकर 49 साल की उम्र तक कर्ज चुकाते हैं। एक तरह से उम्र का बड़ा हिस्सा कर्ज चुकाने में ही निकल जाता है। इसी संदर्भ में हाल में विचारक एस. गुरुमूर्ति एक इंटरव्यू में बता रहे थे कि अधिकांश अमेरिकी बच्चे कर्ज लेकर पढ़ाई करते हैं। जबकि भारतीय लोग अपने परिवार को प्राथमिकता देते हैं। इसलिए बच्चों की पढ़ाई पर खर्च करते हैं। वास्तव में हर भारतीय माता-पिता चाहता है कि उनका बच्चा खूब पढ़े-लिखे। इसके लिए वे अपने सभी संसाधन दांव पर लगा देते हैं। कई बार तो अपना खेत तक बेच देते हैं। कर्ज भी लेना पड़े तो उसकी जिम्मेदारी खुद ही उठाते हैं। कुछ साल पहले जिनेवा में काम करने वाले एक ऐसे अमेरिकी से मिली थी, जो पचास साल से अधिक था, लेकिन अभी तक शिक्षा के लिए कर्ज को चुका रहा था। उसका कहना था कि वह इतने पैसे नहीं कमाता कि परिवार का बोझ भी उठा सके और शिक्षा के लिए जो कर्ज लिया था, उसकी किस्त भी हर महीने भर सके।

**- क्षमा शर्मा**

# क्या हकीकत में दिग्विजय सिंह का राज्यसभा से मोहभंग हो गया है या कराया गया है?

> दिग्विजय सिंह के हटने के साथ ही कांग्रेस की एकमात्र सुरक्षित मानी जा रही राज्यसभा सीट अब सियासी मुकाबले का केंद्र बन गई है। पार्टी के भीतर कई बड़े नामों की चर्चा शुरु हो चुकी है और माना जा रहा है कि आने वाले दिनों में दिल्ली की लॉबिंग और समीकरण तेज होंगे।





दिग्विजय सिंह अब राज्यसभा नहीं जाएंगे। मध्य प्रदेश की सियासत के 'चाणक्य' कहे जाने वाले पूर्व मुख्यमंत्री ने अचानक यह ऐलान करके सियासी हलकों में हलचल मचा दी है। दिग्विजय सिंह का मौजूदा कार्यकाल अप्रैल 2026 में समाप्त हो रहा है लेकिन इससे पहले ही उनके पीछे हटने की घोषणा ने दिल्ली से भोपाल तक कांग्रेस के भीतर चर्चाओं का दौर शुरू कर दिया है। सियासी गलियारों में यह चर्चा तेज हो गई कि दिग्विजय सिंह का अचानक राज्यसभा से मोहभंग क्यों हुआ? वहीं यह सवाल भी उठने लगा कि दिग्विजय सिंह की जगह अब एमपी से कांग्रेस किसे राज्यसभा भेजेगी।

दरअसल पार्टी सूत्रों के मुताबिक, दिग्विजय सिंह का यह फैसला कोई व्यक्तिगत नहीं बल्कि कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व की रणनीतिक सोच का हिस्सा बताया जा रहा है। यह कदम कांग्रेस के उस नए राजनीतिक रोडमैप से जुड़ा माना जा रहा है जिसे राहुल गांधी पिछले कुछ वर्षों से लागू करने की कोशिश कर रहे हैं। पार्टी नेतृत्व का फोकस अब केवल संसद के भीतर आक्रामक विपक्षी भूमिका निभाने तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि संगठन को जमीनी स्तर पर फिर से खड़ा करना प्राथमिकता बन चुका है। इसी सोच के तहत कांग्रेस के वरिष्ठ और अनुभवी नेताओं को संगठनात्मक जिम्मेदारियों में लगाने और युवा नेताओं को आगे बढ़ाने की रणनीति पर काम हो रहा है। माना जा रहा है कि दिग्विजय सिंह को भी इसी रणनीति के तहत राज्यसभा की भूमिका से मुक्त कर दोबारा मैदान में उतारने की तैयारी है।

जानकारों के अनुसार पार्टी दिग्विजय सिंह को एक बार फिर मध्य प्रदेश में बड़े संगठनात्मक मिशन की जिम्मेदारी सौंप सकती है। 2017-18 में की गई उनकी 3300 किलोमीटर लंबी नर्मदा परिक्रमा आज भी कांग्रेस के लिए एक मजबूत राजनीतिक प्रतीक मानी जाती है। उस परिक्रमा ने न सिर्फ कार्यकर्ताओं में जान फूंकी थी, बल्कि 2018 के विधानसभा चुनाव से पहले पार्टी को वैचारिक और भावनात्मक बढ़त भी दिलाई थी। अब चर्चा है कि 2028 के विधानसभा चुनाव से पहले एक और नर्मदा परिक्रमा या इसी तरह का कोई बड़ा जनसंपर्क अभियान दिग्विजय सिंह के नेतृत्व में कराया जा सकता है, ताकि बिखरे संगठन को जोड़ा जा सके और युवा कार्यकर्ताओं को दिशा दी जा सके। इस बीच दिग्विजय सिंह के फैसले के बाद कांग्रेस के भीतर सामाजिक संतुलन की बहस भी तेज हो गई है। अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप अहिरवार ने खुलकर मांग रखी है कि राज्यसभा में इस बार दलित समाज को प्रतिनिधित्व मिलना चाहिए। उनका तर्क है कि मध्य प्रदेश की करीब 17 फीसदी अनुसूचित जाति आबादी की यह लंबे समय से अपेक्षा रही है। हालांकि इस मांग पर दिग्विजय सिंह ने साफ कर दिया कि टिकट का फैसला उनके हाथ में नहीं है लेकिन यह जरूर तय है कि वे अपनी सीट खाली कर रहे हैं।

सबसे चर्चित नाम पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ का है। समय-समय पर यह संकेत मिलते रहे हैं कि वे एक बार फिर केंद्र की राजनीति में सक्रिय भूमिका निभाने के इच्छुक हैं। अगर कमलनाथ राज्यसभा की रेस में उतरते हैं, तो उनके राजनीतिक कद और अनुभव के चलते बाकी दावेदारों की राह आसान नहीं रहेगी। इसके अलावा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी का नाम भी मजबूती से उभर रहा है। विधानसभा में मुखर भूमिका, सड़क से सदन तक सरकार के खिलाफ आक्रामक रुख और संगठन पर पकड़ उन्हें युवा नेतृत्व के चेहरे के तौर पर पेश करती है। पूर्व केंद्रीय मंत्री और पूर्व पीसीसी चीफ अरुण यादव भी इस दौड़ में शामिल माने जा रहे हैं, जबकि पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह के नाम पर भी चर्चा है, जो लंबे समय से किसी बड़ी जिम्मेदारी की प्रतीक्षा में बताए जाते हैं।

मध्यप्रदेश से राज्यसभा की कुल 11 सीटें हैं जिनमें से आठ पर भाजपा और तीन पर कांग्रेस का कब्जा है। 2026 में तीन सीटें खाली हो रही हैं, लेकिन मौजूदा संख्या बल को देखते हुए कांग्रेस के लिए फिलहाल सिर्फ एक सीट ही सुरक्षित मानी जा रही है। ऐसे में दावेदारी की लड़ाई और भी दिलचस्प हो गई है, क्योंकि हर बड़ा नेता जानता है कि मौका एक ही है और दावेदार कई।

राज्यसभा में अपने कार्यकाल के दौरान दिग्विजय सिंह भाजपा और आरएसएस के खिलाफ वैचारिक हमलों के लिए जाने जाते रहे हैं। उनकी मुखरता ने उन्हें सेक्युलर और प्रगतिशील तबकों में लोकप्रिय बनाया लेकिन साथ ही वे कई विवादों के केंद्र में भी रहे। हाल के दिनों में जब उन्होंने भाजपा-आरएसएस के संगठनात्मक ढांचे की तारीफ की और कांग्रेस में विकेंद्रीकरण की जरूरत बताई, तो सियासी हलकों में इसे भी उनके नए रोल की भूमिका के तौर पर देखा गया। यह भी कयास लगाये गये कि क्या शशि थरूर थरूर की तरह दिग्विजय सिंह का भी कांग्रेस से मन भर गया है। कुल मिलाकर दिग्विजय सिंह का राज्यसभा से हटना कांग्रेस की बदलती रणनीति, पीढ़ीगत बदलाव और मध्य प्रदेश में संगठन को दोबारा मजबूत करने की कोशिश का हिस्सा माना जा रहा है। इसमें वास्तविकता कितनी है, यह तो आने वाला समय ही बताएगा लेकिन अब निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि कांग्रेस नेतृत्व इस खाली होने वाली सीट पर किसे मौका देता है और क्या यह फैसला पार्टी के भविष्य की दिशा तय करने में अहम भूमिका निभाएगा या फिर पार्टी लाईन से अलग अपना बौद्धिक प्रदर्शन करने वाले नेताओं के साथ कांग्रेस में जो अब तक होता आया है, वह दिग्विजय सिंह के साथ भी होगा।

**रामस्वरूप रावतसरे**

## ईरान में चल रहे विरोध ...

डॉ घनश्याम बादल

# विश्व राजनीतिः ईरान बनाम अमेरिका विनाशक युद्ध की आहट और दुनिया

ईरान आज जिस दौर से गुजर रहा है, वह केवल एक देश की आंतरिक अशांति नहीं है बल्कि वैश्विक राजनीति का वह विस्फोटक मोड़ है जहाँ से छद्म लोकतंत्र और मजहबी कट्टरता के टकराव से उठी एक चिंगारी पूरी दुनिया को झुलसा सकती है। आज उनके अयातुल्लाह काम नहीं शासन के ख़िलाफ़ तेहरान समेत ईरान के कई शहरों और कस्बों की सड़कों पर उमड़ता विद्रोही जन सैलाब, उबलता जनाक्रोश, सरकार की दमनकारी नीतियां और इसके समानांतर हर हाल में दुनिया का दरोगा बनने की आठ धर्मी पर अड़े अमेरिका की सैन्य चेतावनियाँ उस त्रिकोण का निर्माण कर रहे हैं जिसके केंद्र में विनाशकारी युद्ध की आशंका लगातार गहराती जा रही है।

ईरान में चल रहे विरोध प्रदर्शन अब केवल आर्थिक शिकायतों तक सीमित नहीं हैं। महंगाई, बेरोज़गारी और गिरती जीवन-स्तर की पीड़ा ने जिस असंतोष को जन्म दिया है, ईरान में जिस गति से महंगाई बढ़ी है उससे वहां के लोगों का जीना मुहाल हो गया है, ईरानी मुद्रा रियाल डॉलर के मुकाबले रसातल में जा चुकी है । अब तो विद्रोहियों के समर्थन में उमड़ना हुआ जन सैलाबसीधे-सीधे शासन व्यवस्था की वैधता पर सवाल बन चुका है। 1979 की इस्लामिक क्रांति के बाद यह पहली बार है जब ईरान का धर्मतंत्र जनता





के इतने बड़े हिस्से से वैचारिक रूप से कटता हुआ दिखाई देता है। महिलाओं, युवाओं, छात्रों और शहरी मध्यम वर्ग की भागीदारी ने इन प्रदर्शनों को साधारण विरोध से कहीं आगे पहुँचा दिया है और एक तरह से सीरिया जैसे हालातो की तरफ बढ़ता दिखाई दे रहा है। जहां सरकार विरोधी विद्रोही हिंसा एवं आगजनी पर उतरे हुए हैं तथा सरकार के तख्त पलट के पक्ष में खड़े दिखाई देते हैं वहीं सरकार की प्रतिक्रिया भी उतनी ही कठोर से कठोरता होती जा रही है। इंटरनेट ब्लैकआउट, सामूहिक गिरफ्तारियाँ, सुरक्षा बलों की गोलीबारी और मृत्युदंड ये सब संकेत देते हैं कि ईरान में खामनेई सत्ता पर किसी भी कीमत पर नियंत्रण छोड़ने को तैयार नहीं हैं। हालांकि ईरानी नेतृत्व इसे विदेशी साजिश करार देता है, लेकिन यह तर्क अब घरेलू स्तर पर भी असर खोता जा रहा है। सवाल यह नहीं कि विरोध क्यों हो रहे हैं, सवाल यह है कि क्या मौजूदा व्यवस्था उन्हें लंबे समय तक दबा पाएगी?

आंतरिक उथल-पुथल के बीच अमेरिका और ईरान के बीच तनाव एक बार फिर ख़तरनाक ऊँचाई पर पहुँच गया है। अमेरिका मानवाधिकार उल्लंघनों और ईरान के परमाणु कार्यक्रम को आधार बनाकर लगातार दबाव बना रहा है। प्रतिबंधों का नया दौर, सैन्य चेतावनियाँ और मध्य-पूर्व में अमेरिकी नौसैनिक तैनाती इस बात का संकेत हैं कि वाशिंगटन 'देखो और इंतजार करो' की नीति से आगे बढ़ने का विकल्प खुला रखे हुए है।

हालाँकि, यह समझना ज़रूरी है कि अमेरिका भी पूर्ण युद्ध नहीं चाहता। इसकी वज़ह वाशिंगटन की उदारता या शांतिप्रियता नहीं अपितु यूक्रेन युद्ध, इज़राइल-गाज़ा संघर्ष और घरेलू राजनीतिक दबावों के बीच एक और बड़े युद्ध का बोझ उठाना वाशिंगटन के लिए आसान नहीं होगा। यही कारण है कि अमेरिका की रणनीति फिलहाल सीमित सैन्य कार्रवाई, आर्थिक दबाव और कूटनीतिक धमकियों तक सिमटी दिखती है। इतिहास गवाह है कि युद्ध अक्सर योजनाओं से नहीं, दुर्घटनाओं से शुरू होते हैं। यह तो तय है कि अगर अमेरिका और ईरान के बीच सीधा युद्ध होता है, तो उसके प्रभाव केवल इन दो देशों तक सीमित नहीं रहेंगे। ईरान के लिए इसका अर्थ होगा—तेल रिफाइन-रियों, सैन्य ठिकानों और परमाणु संयंत्रों पर हमले, अर्थव्यवस्था का लगभग ठप हो जाना और संभवतः गृहयुद्ध जैसी स्थिति। बेशक सबसे भारी कीमत आम नागरिकों को चुकानी पड़ेगी, जिनके लिए शांति पहले ही दुर्लभ हो चुकी है। अमेरिका के लिए यह युद्ध सैन्य रूप से भले ही नियंत्रित रहे लेकिन राजनीतिक और रणनीतिक रूप से महँगा साबित होगा। मध्य-पूर्व में फैले अमेरिकी सैन्य अड्डे प्रतिशोध के निशाने पर होंगे। घरेलू स्तर पर युद्ध-विरोधी माहौल और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अमेरिका की 'नैतिक नेतृत्व' वाली छवि को और भी ज़्यादा झटका लगेगा।

## यशवन्त...

डॉ0 मत्स्येन्द्र प्रभाकर

# पालिका ही बची, न्याय गायब

'यशवन्त' का अर्थ जिसे यश प्राप्त हो, या 'महिमाशाली' होता है किन्तु जस्टिस यशवन्त वर्मा के मामले में नाम के साथ 'यश' का अन्त हो गया लगता है। यह कोई साधारण बात नहीं बल्कि बहुत गम्भीर विषय है लेकिन देश का दुर्भाग्य है कि अब गम्भीर बातों, अथवा सवालों पर सोच-समझ तथा चिन्तन-मनन अत्यन्त कम होता है। परिणामतः विशेषकर, न्यायपालिका के क्षेत्र में अब 'पालिका' यानी प्रणाली अथवा व्यवस्था ही शेष है, 'न्याय' लगभग लापता या, कमसे कम दुर्लभ तो अवश्य हो गया है। अधिकतर मामलों में जिन्हें 'कथित' न्याय मिलता है, उमकी तो बड़ी चर्चा होती है किन्तु दूसरे पक्ष के समग्र हितों को अनदेखा, अर्थात् नजरअन्दाज कर दिया जाता है।

यशवन्त प्रकरण ने भारतीय न्यायपालिका की विश्वसनीयता पर गहरा सवाल खड़ा कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने 15 जनवरी 2026 को उनकी याचिका खारिज कर महाभियोग जाँच समिति के गठन को वैध ठहराया, जिससे भ्रष्टाचार के आरोपों की प्रक्रिया तेज हो गयी है।

यह घटना न्यायपालिका में व्याप्त भ्रष्टाचार का प्रतीक मात्र है, जहाँ आन्तरिक जाँच और पारदर्शिता की कमी ने संस्थागत क्षय को बढ़ावा दिया।

**जस्टिस वर्मा का वर्मा :**

वर्मा के दिल्ली हाईकोर्ट आवास पर मार्च 2025 में अग्निशमनकर्मियों को जले नोट मिलने से कैश काण्ड उजागर हुआ। लोकसभा अध्यक्ष ने अगस्त 2025 में तीन सदस्यीय समिति गठित की, जिसमें सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस अरविन्द कुमार शामिल हैं। सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया है अब वह



संसदीय प्रक्रिया में हस्तक्षेप नहीं करेगा लेकिन यह फैसला न्यायिक स्वायत्तता पर सवाल उठाता है।

**न्यायपालिका में भ्रष्टाचार के उदाहरण :**

भारतीय न्यायपालिका में भ्रष्टाचार के कई प्रमाणित मामले सामने आये हैं। पूर्व मुख्य न्यायाधीश के.जी. बालाकृष्णन पर उनके परिवार की अकूत सम्पत्ति और अनुकूल फैसलों के बदले सौदेबाजी के आरोप लगे, फिर भी उन्हें राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग का अध्यक्ष बनाया गया। जस्टिस सौमित्र सेन ने 2011 में धन दुरुपयोग के दोषी पाये जाने पर महाभियोग से पहले इस्तीफा दे दिया। प्रशान्त भूषण ने 2009 में दावा किया कि पिछले 16-17 मुख्य न्यायाधीश भ्रष्ट थे जिसके लिए उन्हें अवमानना का सामना करना पड़ा।

**प्रणालीगत कमियाँ :**

निचली अदालतों में 80-90% मामले लम्बित रहते हैं, जहाँ क्लर्क रिश्वत लेते हैं। कॉलेजियम प्रणाली अपारदर्शी है, जो भ्रष्ट जजों को पदोन्नत करती है। जजेस (इन्क्वायरी) एक्ट 1968 के तहत महाभियोग दुर्लभ है।

## जरा हटके

## महाराष्ट्र के नगर...

कमलेश पांडेय

# बीएमसी चुनाव 2026 - महायुति के राजनीतिक कौशल को जनस्वीकृति

बीएमसी चुनाव 2026 में भाजपा-शिवसेना (शिंदे) गठबंधन ने ऐतिहासिक जीत हासिल की, जिसमें भाजपा सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी। यह जीत ठाकरे परिवार के तीन दशक पुराने दबदबे को समाप्त करती है। बीएमसी के 227 वार्डों में बहुमत चिह्न 114 है, जहां महायुति 118 वार्डों में विजयी रही। इस चुनाव में भाजपा ने 89 सीटें जीतीं, जबकि शिंदे की शिवसेना को 29 मिलीं जिससे महायुति गठबंधन को 118 सीटों का बहुमत प्राप्त हुआ जबकि शिवसेना (यूबीटी) को मात्र 65 सीटें मिलीं जो अपेक्षाकृत कमजोर प्रदर्शन रहा। वहीं, कांग्रेस को 24, एआईएमआईएम को 8 एनसीपी अजीत पवार को 3, सपा को 2 और एनसीपी शरद पवार को 1 सीट मिली। वहीं राज्य के अन्य निकायों में भी भाजपा ने 25 में से 29 पर कब्जा जमाया। देखा जाए तो कुल 227 वार्डों में मुंबई की सबसे अमीर निगम या यूं कहें देश के भी सबसे अमीर नगर निगम पर भाजपा नीत गठबंधन का कब्जा हो गया। महाराष्ट्र के नगर निकाय चुनावों, विशेषकर बीएमसी में, भाजपा-शिंदे शिवसेना गठबंधन ने बहुमत हासिल कर बड़ा जीत दर्ज की है। यह परिणाम ठाकरे गुट की लंबी हुकूमत को समाप्त करता है और राज्य की सियासत में महायुति की मजबूती दर्शाता है। वहीं, पहली बार एआईएमआईएम ने अपेक्षाकृत अच्छा प्रदर्शन किया, जिससे सेक्यूलरों का जनाधार खिसका। इसके राजनीतिक मायने अहम हैं क्योंकि यह जीत महाराष्ट्र में भाजपा को शहरी राजनीति का 'असली किंग' बनाती है जो उसके राज्यव्यापी प्रभाव को मजबूत करती



है। खास बात यह कि तमाम व्यक्तिगत विरोधाभासों के बावजूद महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने शिंदे गुट के साथ गठबंधन करके न केवल मराठी वोटों को विभाजित किया बल्कि उस विपक्ष को पूरी तरह से कमजोर किया, जो विगत तीन दशकों से बीएमसी पर हावी था।

एक बात और, महायुति के विकास के एजेंडे ने मुम्बई में पहचान की राजनीति को बहुत पीछे छोड़ दिया। खासकर ठाकरे भाइयों (उद्धव-राज) की हार से विपक्षी एकता की कमी उजागर हुई। वहीं चाचा-भतीजा एकता यानी शरद पवार और अजित पवार की एकता भी उनके हक में कोई रंग नहीं दिखा सकी। वहीं, कांग्रेस को भी कोई खास फायदा नहीं मिला। कुल मिलाकर बिखरे विपक्ष ने महायुति की राह आसान बना दी। देखा जाए तो मराठवाड़ा के वैभव को वापिस पाने के घिसे पिटे मुद्दे पर क्षेत्रीय क्षत्रपों यानी ठाकरे परिवार और पवार परिवार की सियासी एकता भी फुस्स हो गई। इसका महाराष्ट्र की सियासत पर दूरगामी प्रभाव पड़ेगा और अब एकनाथ शिंदे की बारगेनिंग पावर भी बढ़ेगी। हालांकि, देवेंद्र फडणवीस उनकी कितनी सुनेंगे, यह आने वाला वक्त बताएगा। बता दें कि महायुति ने 29 निगमों में व्यापक जीत दर्ज की जो आगामी विधानसभा चुनावों के लिए मजबूत आधार तैयार करती है। वहीं, मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की नेतृत्व क्षमता को इससे नया बल मिला है, जबकि कांग्रेस और एनसीपी जैसे दल सियासी हाशिए पर सिमट गए।

# कटु शब्द को लहजे से कहना

एक शासक को , क्रूर शासक को उसकी प्रजा के सामने मूढ़ आदि बतला देना , किसी सम्बोधन से तुलना करना कठिन हैं । वह उस तुलना करने को सुनने के बाद भी अगर सामने वाला क्रोध आदि में नहीं आया तो कहने वाले के लहजे का प्रभाव पड़ता हैं । जापान की एक घटना हैं । झेन बौद्ध संप्रदाय के संत साधना कर रहे थें । एक सेनापति आया । वह हाथ में तलवार को लहराता हुआ आया । उसने संत से पूछा- संत प्रवर ! स्वर्ग क्या हैं ? नरक क्या हैं ? संत ने उसके हाव - भाव को सही से समझ ,समझाने के लिए कहा कि कितने तुम मूर्ख आदमी हों । इतनी समझ भी नहीं हैं । यह कैसा प्रश्न कर रहें हो ? इस तरह दो- चार कटु शब्द कहें । यह सुन सेनापति आवेश से भर उठा । उसने तलवार को खींचा और कहा कि- अब यदि कुछ और आगे बोले तो यह तलवार चल जाएगी । यह सुन संत ने कहा यही नरक हैं । यह सुनते ही सेनापति शांत हो गया । वह तलवार को नीचे रख दिया । संत ने कहा कि यही स्वर्ग हैं । वह संत बोले मैं तुम्हें जानबूझ कर कोई कटु शब्द नहीं कहना चाहता था । मैं तुम्हारे प्रश्न का उत्तर देना चाहता था जो मैंने कह दिया और वह तुमको मिल गया । यह सुन सेनापति प्रसन्न हुआ । मेरे सब समय मनचाहा ही होता रहे । वह कभी भी विपरीत परिस्थिति न आए कि ऐसा हो पाए संभव ही नहीं है । हमारे आर्थिक वह अन्य आदि सभी समस्याओं के अलावा यश-अपयश, मान-अपमान की परिस्थितियाँ आती ही रहती हैं जो मानस को विचलित कर देती हैं। इसी में समझदारी है कि जब ऐसी परिस्थितियाँ आएँ तो उन्हें समभाव से हम सहन कर जाएँ। वह जितनी जल्दी हो भूल जाएँ। उनका भार मन पर लादें न फिरें। मन को अधिक विचलित न होने दें। कड़वी गोलियाँ चबाई नहीं जाती निगली जाती हैं। उसी प्रकार हम अपने जीवन में अपमान, असफलता, धोखे आदि जैसी सभी बातों को कड़वी गोली की तरह सीधे गटक जायें यानी उनको शीघ्र भूल जायें । वह उनको चबाते रहोगे यानी उन्हें याद करते रहेंगे तो जीवन का स्वाद भी कड़वा ही होगा। ऐसी परिस्थित को भूलने से ही जीवन मधुर होगा। वैसे, जिन्दगी में तूफ़ान भी आना जरूरी है । हमको तभी पता चलता है कौन हाथ पकड़ कर सहारा देता है और कौन हाथ छुड़ा कर भाग जाता है। जीवन का चक्र है । इसका मूल निरंतरता है । चलायमान जिन्दगी ही प्रकृति का सार्वभौम उसूल है । हर रात के बाद भोर अलबेली आती है । स्वप्नों के संसार से ससारिकता के उजाले मे आंखें खुलती है ।

**> प्रदीप छाजेड़**

## माइनस 25 डिग्री सेल्सियस टेंपरेचर में बॉडी अकड़ी ■ लगा बचेंगे नहीं

# बर्फीले तूफान से जिंदा बचकर निकले 4 दोस्त

**खौफनाक**

तमसा संकेत, एजेंसी

आगरा । 25C टेम्प्रेचर...चारों ओर बर्फ ही बर्फ थी। हमारे सिवाय वहां कोई दूसरा नजर नहीं आ रहा था। हमने आवाजें लगाईं, गाड़ी का हॉर्न बजाया, बर्तन बजाए, चीखे चिल्लाए भी, लेकिन हमारी बात सुनने वाला वहां कोई नहीं था।

12 जनवरी को दिन का वक्त था, हमारे ऊपर से एक हेलिकॉप्टर निकला। हमने उसे लाल कपड़ा दिखाया, हाथ हिलाया, आवाज भी लगाई लेकिन हेलिकॉप्टर में बैठे



लोगों ने हमें नहीं देखा।

यह कहना है लेह से लौटे शिवम चौधरी का। गूगल मैप की वजह से रास्ता भटककर बर्फबारी के बीच फंसे आगरा के 4 दोस्तों ने 36 घंटे जिंदगी के लिए जंग लड़ी। इसमें आखिर के 3 घंटे बहुत खौफनाक रहे। वो कहते हैं कि एक पल को लगने लगा था कि अब नहीं बचेंगे। परिवार को याद करके आंखों से आंसू छलक रहे थे। काफी जद्दोजहद के बाद हम जिंदा घर लौट सके। शिवम चौधरी और यश मित्तल से बात की। खौफ में गुजारी 2 रातें और 3 दिन की कहानी जानी। फिर हमने डिसाइड किया कि अब यहां रुकने से बेहतर है कि जिंदगी के लिए जंग लड़ी जाए। क्योंकि अगर यहीं फंसे रहे तो बचना मुश्किल होगा। रास्ता बंद होने की वजह से यहां न कोई आने वाला और न ही हमारी आवाज सुनने वाला।



■ कार दिखते ही पुलिस मौके पर पहुंची। उनकी कार को रिकवर किया गया।

### परिवार से वीडियो कॉल पर बात हुई, फिर संपर्क टूटा

चारों के परिजन उन्हें तलाशते हुए लेह पहुंच गए थे। यश, शिवम और सुधांशु गुरुवार रात को, जबकि जयवीर शुक्रवार शाम को आगरा पहुंचे। उनकी कार लेह में ही है। रास्ता बंद होने के कारण नहीं आ सकी है। शिवम और उनके दोस्तों ने लद्दाख पहुंचने के बाद नया मोबाइल नंबर लिया। फिर परिवार से लगातार कनेक्ट रहे, बातचीत होती रही। 9 जनवरी को सभी लेह के पेंगोंग झील पर थे। वहां से उन्होंने वीडियो कॉल से घर पर बात भी की। इसके बाद से उनका संपर्क टूट गया। घर वालों ने कई बार उसी नंबर पर कांटेक्ट किया, लेकिन बात नहीं हो सकी। परेशान होकर घर वालों ने 11 जनवरी को सदर थाना में मिसिंग शिकायत दर्ज कराई।

### बर्फ में कार फिसली, खाई में 20 फीट नीचे गिरे

शिवम के घर पर ही यश भी आ गए थे। उन्होंने बताया- हमारे साथ मधुनगर के रहने वाले जयवीर और सुधांशु भी थे। 9 जनवरी को कार से लेह के लिए निकल गए। 10 जनवरी को हम पंग में ही ठहर गए। 11 को मनाली के लिए निकले। नाकीला के पास बर्फ की वजह से रात करीब 2.30 बजे हमारी कार फिसलने लगी। खाई में 20 फीट नीचे तक गिर गए। हम समझ गए कि मदद नहीं मिल सकेगी, इसलिए बर्फ के बीच ही गाड़ी में हीटर चलाकर रात काटी। दिन निकलने के बाद हमने आसपास देखा, वहां दूर-दूर तक कोई इंसान नहीं था। थोड़ी दूर चलने के बाद हम कार के पास ही लौट आए, क्योंकि सर्दी बहुत ज्यादा थी। वो दिन भी हमने हीटर के सहारे ही गुजारा। शिवम ने बताया- भयंकर सर्दी के बीच 36 घंटे गुजार चुके थे। कार छोड़कर जाने से 3 घंटे पहले हमें लगा अब नहीं बचेंगे। क्योंकि लगातार कार स्टार्ट रहने की वजह से उसका डीजल खत्म हो चुका था।

## लोकेंद्र चौधरी ने स्वामी रूपेन्द्र प्रकाश महाराज को किया सम्मानित



तमसा संकेत, संवाददाता

झालू। नगर पंचायत अध्यक्ष लोकेंद्र चौधरी ने अपने कैंप कार्यालय पर महामण्डलेश्वर स्वामी रूपेन्द्र प्रकाश महाराज का गरिमामय स्वागत एवं सम्मान किया। सम्मान समारोह के दौरान धार्मिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक विषयों पर सार्थक संवाद हुआ। इस अवसर पर महाराज जी को शिव पार्वती की सीनरी भेंट कर सम्मानित किया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष लोकेंद्र चौधरी ने कहा कि संत-महात्माओं का मार्गदर्शन समाज को सकारात्मक दिशा देता है और उनके विचार सेवा, समरसता व सद्भाव की भावना को सुदृढ़ करते हैं। महामण्डलेश्वर स्वामी रूपेन्द्र प्रकाश महाराज ने नगर पंचायत अध्यक्ष को शुभाशीष प्रदान करते हुए कहा कि जनप्रतिनिधियों को चाहिए कि वे विकास योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाएं। उन्होंने नगर की प्रगति, सामाजिक सौहार्द और जनकल्याण हेतु ईश्वर से प्रार्थना की। इस अवसर पर चैयरमैन लोकेंद्र के साथ चाचा नैंपाल सिंह, पूर्व सभासद चांद बाबू, मोनू चौधरी, सुरेश वर्मा, रणवीर सिंह किसान मोर्चा के जिला सदस्य, अनुराग जोशी विश्व हिंदू महासंघ के जिला उपाध्यक्ष, मंडल महामंत्री वरिष्ठ भाजपा नेता संजय वर्मा कपिल बुथ अध्यक्ष अजय सिंह ,पूर्व मेंबर कर्मेंद्र सिंह ,बूथ अध्यक्ष बिट्टू जोशी, नितिन चौधरी आदि भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**फास्ट न्यूज**

### बाराबंकी में सपा की खिचड़ी भोज से गरमाई सियासत

बाराबंकी । बाराबंकी में समाजवादी पार्टी (सपा) द्वारा आयोजित खिचड़ी भोज अब केवल एक सामाजिक आयोजन नहीं रहा, बल्कि इसे 2027 के विधानसभा चुनाव से जोड़कर देखा जा रहा है। पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के करीबी और पूर्व एमएलसी राजेश यादव उर्फ राजू द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम ने जिले की राजनीतिक सरगर्मियों को बढ़ा दिया है।

### बॉलीवुड के मशहूर विलेन प्रदीप काबरा पहुंचे काशी

वाराणसी । बॉलीवुड फिल्मों में अपने दमदार नेगेटिव किरदारों के लिए पहचाने जाने वाले अभिनेता प्रदीप काबरा काशी पहुंचे। इस दौरान उन्होंने गंगा घाट पर एक भावुक वीडियो बनाया, जो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में प्रदीप काबरा कह रहे हैं कि मेरा कुछ खो गया है। जब उनसे पूछा जाता है कि क्या खो गया, तो वह मुस्कराते हुए जवाब देते हैं कि मेरा मन कहीं खो गया है। इसके बाद वीडियो में काशी के गंगा घाटों की खूबसूरत झलक दिखाई जाती है। इस दौरान वह साधारण वेशभूषा में दिखे।

### दालमंडी में पुलिस के बल पर हो रही गुंडागर्दी

वाराणसी । वाराणसी की दालमंडी में शुक्रवार को दुकानदारों ने ध्वस्तीकरण और सड़क चौड़ीकरण परियोजना के विरोध में अपनी सभी दुकानें बंद रखीं। बताया गया कि क्षेत्र की करीब 1200 से 1400 दुकानें पूरी तरह बंद रहीं। यह पहला मौका था, जब दालमंडी के दुकानदारों ने एकजुट होकर इस तरह का सामूहिक विरोध दर्ज कराया।

## यातायात नियमों का पालन कर अपनी व दूसरों की करें सुरक्षा



तमसा संकेत, संवाददाता

पनवाड़ी (महोबा)। राजकीय मॉडल महाविद्यालय, देवगनपुरा में शासन के सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के अन्तर्गत यातायात नियमों का पालन करने के लिये छात्र-छात्राओं ने लोगों को जागरूक किया। सड़क सुरक्षा अभियान के तहत रैली निकाली गई। चार-पहिया वाहनों को रोककर उन्हें सीट बेल्ट के लिये, दो-पहिया वाहनों को हेलमेट के प्रयोग करने के लिये जागरूक किया गया। कार्यक्रम के द्वितीय चरण में प्राध्यापकों द्वारा सड़क सुरक्षा हेतु छात्र छात्राओं को शपथ दिलवाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य आशुतोष शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में भारत में प्रतिवर्ष लगभग डेढ़ लाख लोग जान गंवाते हैं,जिसमें युवाओं की संख्या अधिक है। कार्यक्रम का संचालन करते हुए बरिष्ठ प्राध्यापक रावेन्द्र सिंह ने कहा कि हम सड़क पर सावधानी से एवं एकजुट होकर होकर अपनी एवं दूसरों की सुरक्षा कर सकते है। कार्यक्रम में कार्यालय अधीक्षक मोहम्मद फैज, दिनेश सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम में अनेक छात्र छात्राओं द्वारा सक्रिय रुप से सहभागिता की।

# गैस सिलेंडर ब्लास्ट

## तीन दुकानें बुरी तरह क्षतिग्रस्त लाखों का नुक़सान

■ गैस सिलेंडर ब्लास्ट से तीन परिवारों के सामने रोजी-रोटी का संकट गहराया





तमसा संकेत, संवाददाता

बिजनौर। जनपद बिजनौर के ककराला कस्बे में बीती रात करीब 11 बजे एक चाय/हलवाई की दुकान में रखे गैस सिलेंडर के फटने से भीषण विस्फोट हो गया। ब्लास्ट इतना ज़ोरदार था कि आस-पास के ग्रामीण सन्न रह गए और इलाके में अफरा-तफरी मच गई।

जानकारी के अनुसार, यह दुकान अमित कुमार की है, जहां सिलेंडर रखा हुआ था।

विस्फोट के कारण दुकान की दीवारें टूट गईं और आग ने पास की दो अन्य दुकानों को भी अपनी चपेट में ले लिया।

एक ओर प्रदीप कुमार का जन सेवा केंद्र था, तो वहीं दूसरी ओर बाइक मिस्त्री की दुकान।

ब्लास्ट से तीनों दुकानों का लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और आग पर काबू पाने की कोशिश की। गनीमत रही कि हादसा रात के समय हुआ, जिससे कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन आर्थिक नुकसान भारी बताया जा रहा है। फिलहाल प्रशासन और पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है, और यह पता लगाया जा रहा है कि सिलेंडर में ब्लास्ट कैसे हुआ।

सुरक्षा मानकों का पालन किया गया था या नहीं, पीड़ित दुकानदारों ने प्रशासन से मुआवज़े की मांग की है। इस गैस सिलेंडर ब्लास्ट ने तीन परिवारों की रोज़ी-रोटी छीन ली है।सवाल ये है—क्या पीड़ितों को मुआवज़ा मिलेगा, और जिम्मेदार

## ट्रांसफॉर्मर के पास मिला अज्ञात व्यक्ति का शव

तमसा संकेत, संवाददाता



सूरतगंज (बाराबंकी)। शनिवार सुबह सूरतगंज क्षेत्र के फतेहपुर कस्बे में उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब पटेल चौराहा स्थित एक ट्रांसफॉर्मर के पास करीब 48 वर्षीय अज्ञात व्यक्ति का शव पड़ा मिला। सुबह राहगीरों की नजर शव पर पड़ी तो उन्होंने तत्काल इसकी सूचना स्थानीय लोगों को दी, जिसके बाद मौके पर बड़ी संख्या में लोग एकत्र हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, शव सड़क किनारे ट्रांसफॉर्मर के पास पड़ा हुआ था। व्यक्ति के शरीर पर किसी प्रकार की स्पष्ट पहचान से संबंधित दस्तावेज नहीं मिले, जिससे उसकी पहचान नहीं हो सकी। शव की स्थिति को देखकर लोगों के बीच तरह-तरह की चर्चाएं होने लगीं, जिससे क्षेत्र में हड़कंप की स्थिति बन गई।

घटना की सूचना मिलते ही सूरतगंज पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने भीड़ को हटाकर घटनास्थल का निरीक्षण किया और शव को अपने कब्जे में ले लिया। चौकी इंचार्ज अजय पांडेय ने बताया कि प्रथम दृष्टया मृतक की उम्र लगभग 48 वर्ष प्रतीत हो रही है। शव को पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया गया है। पुलिस का कहना है कि मृतक के शरीर पर किसी प्रकार की गंभीर चोट के स्पष्ट निशान नहीं दिखे हैं, हालांकि मौत के वास्तविक कारणों की पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगी। पुलिस आसपास के थानों में दर्ज गुमशुदगी की रिपोर्टों को खंगाल रही है तथा स्थानीय लोगों से भी पूछताछ कर रही है, ताकि मृतक की पहचान की जा सके।

## सवाल यह है कि आखिर इन अवैध अस्पतालों को संरक्षण कौन दे रहा है

# निजी प्राईवेट हॉस्पिटल की भरमार आखिर कौन दे रहा है संरक्षण

तमसा संकेत, संवाददाता

सूरतगंज (बाराबंकी)। ब्लॉक क्षेत्र में इन दिनों अवैध रूप से संचालित प्राइवेट अस्पतालों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। हालात ऐसे हैं कि बिना पंजीकरण और बिना मान्यता के अस्पताल खुलेआम संचालित हो रहे हैं, जहां झोलाछाप डॉक्टर मन चाही रकम ऐठ रहे है। सवाल यह है कि आखिर इन अवैध अस्पतालों को संरक्षण कौन दे रहा है और किसकी शह पर सूरतगंज क्षेत्र में नियमों को ताक पर रखकर फल-फूल रहा है। ऐसे में सूरतगंज कस्बा, लालपुर करौता, सुढ़ियामऊ, झंझरा सहित क्षेत्र के कई गांवों और कस्बों में जगह-जगह प्राइवेट अस्पताल और नर्सिंग होम खुल गए हैं। इनमें से कई अस्पतालों का न तो स्वास्थ्य विभाग में कोई पंजीकरण है और न ही




मानक के अनुसार प्रशिक्षित डॉक्टर या पैरामेडिकल स्टाफ। इसके बावजूद इन अस्पतालों में गंभीर रोगों का इलाज, डिलीवरी और ऑपरेशन तक किए जा रहे हैं, जो सीधे तौर पर मरीजों की जान के लिए खतरा बने हुए हैं। सबसे चिंताजनक बात यह है कि इस गंभीर मुद्दे को लेकर स्थानीय स्तर पर कई बार समाचार पत्रों में प्रमुखता से खबरें प्रकाशित की जा चुकी हैं, लेकिन इसके बावजूद मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) कार्यालय और स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार अधिकारी आंख मूंदे बैठे हैं। विभाग की कार्रवाई महज दिखावे तक सीमित रह जाती है। कभी-कभार किसी छोटे अस्पताल पर मामूली कार्रवाई कर फाइलों का पेट भर लिया जाता है, जबकि बड़े स्तर पर चल रहे अवैध अस्पतालों पर कोई ठोस कदम नहीं उठाया जाता। जबकि पूर्व में फर्जी डॉक्टरों द्वारा इलाज के दौरान एक महिला और नवजात शिशु की मौत का मामला भी सामने आ चुका है। इसके बावजूद स्वास्थ्य विभाग की निष्क्रियता कई सवाल खड़े करती है। आखिर ऐसे हादसों के बाद भी जिम्मेदार अधिकारी क्यों नहीं जाग रहे? क्या इन अवैध अस्पतालों को किसी राजनीतिक या प्रशासनिक संरक्षण का लाभ मिल रहा है?

### प्राइवेट अस्पतालों की ओर जाने को मजबूर

दूसरी ओर, सूरतगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) की बदहाल स्थिति भी लोगों को प्राइवेट अस्पतालों की ओर जाने को मजबूर कर रही है। नाम न छापने की शर्त पर लोगों ने बताया कि सीएचसी में समुचित सुविधा न होने का हवाला देकर मरीजों को अक्सर जरूरी दवाएं बाहर से लिख दी जाती हैं। और मामूली चोट या सामान्य बीमारी के इलाज के लिए आने वाले मरीजों को भी सीधे जिला अस्पताल रेफर कर दिया जाता है। इससे न सिर्फ मरीजों और उनके परिजनों को परेशानी का सामना करना पड़ता है, बल्कि सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं पर भी लोगों का भरोसा कमजोर होता जा रहा है। लोगों का कहना है कि यदि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टरों की नियमित उपलब्धता, पर्याप्त दवाएं और बेहतर इलाज की व्यवस्था हो, तो क्षेत्रवासियों को प्राइवेट अस्पतालों की ओर रुख करने की जरूरत ही न पड़े।

# एआईएमआईएम पार्टी फूल कलम भेंट कर दे रही भाई चारे का संदेश

## झालू में पार्टी जिलाध्यक्ष का माल्यार्पण कर किया गया भव्य स्वागत

तमसा संकेत, संवाददाता

झालू। ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआई-एम) पार्टी की बैठक स्थानीय नगर कार्यालय पर आयोजित हुई, जिसमें जिलाध्यक्ष रियाज़ मेंहदी का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष रियाज़ मेंहदी ने कहा कि हिंदू संगठन तीर तलवार बांटकर नफरत फैलाने का काम कर रहे है। वहीं एआईएमआई-एम पार्टी फूल और कलम भेंट कर देश में मोहब्बत और भाईचारे का संदेश दे रही है। यह पहल बिजनौर जिले के स्योहारा और नूरपुर विधानसभा क्षेत्रों में की गई। उन्होंने कहा कि जिला इकाई ने राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन भी सौंपा है। ज्ञापन में उत्तर प्रदेश में अल्पसंख्यकों के खिलाफ हो रही बुलडोजर कार्रवाई, बरेली में कथित अत्याचार और



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के एक बयान का विरोध किया गया। ज्ञापन के माध्यम से अल्पसंख्यकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और राज्य में बुलडोजर कार्रवाई को रोकने की मांग की गई है। यह कार्रवाई प्रदेश अध्यक्ष आली शौकत अली के निर्देश पर की गई। उन्होंने पार्टी का जनाधार बढ़ाने का आह्वान करते हुए कहा कि पदाधिकारी और कार्यकर्ता 2027 के चुनाव की तैयारी में अभी से जुट जाए और पार्टी की नीतियों से जन-जन को अवगत कराएं। युवा मोर्चा के नगर अध्यक्ष मोहम्मद फहीम शेख के नेतृत्व में पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने जनता को प्यार और एकता का संदेश दिया। इस दौरान नगर अध्यक्ष सैय्यद सलमान , युवा नगर अध्यक्ष झालू फईम शेख , नगर महा सचिव नवाजिश अंसारी एड,नगर महासचिव साकिब अंसारी एड, वार्ड अध्यक्ष फईम मलिक, वार्ड अध्यक्ष आरिफ अंसारी, वार्ड अध्यक्ष अनस कुरेशी, वार्ड अध्यक्ष कैफ शेख, वार्ड अध्यक्ष अखलाक सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**खतरा : बैरक के बाहर पत्थर के नीचे दबा लेटर मिला, अनशन पर बैठे**

# जबरिया रिटायर्ड आईपीएस को देवरिया जेल में मारने की धमकी

तमसा संकेत, एजेंसी

देवरिया । यूपी के जबरिया रिटायर्ड IPS अफसर अमिताभ ठाकुर को देवरिया जेल में शुक्रवार को जान से मारने की धमकी मिली है। उन्हें बैरक के बाहर एक पत्थर के नीचे दबा लेटर मिला, जो कंप्यूटर से टाइप किया गया था।

उन्होंने तत्काल इसकी जानकारी जेल प्रशासन को दी। जेल अधीक्षक ने डीएम-एसपी को जानकारी देते हुए जांच शुरू कराई है। हालांकि जेल अधिकारी कुछ भी बोलने से कतरा रहे हैं। अमिताभ ठाकुर धोखाधड़ी के मामले में 10 दिसंबर से जेल में बंद हैं। वे बीते दो दिनों से जेल में भूख हड़ताल पर हैं। वकील



■ यह तस्वीर 10 दिसंबर की है, जब पुलिस उनका मेडिकल कराने ले आई थी।

प्रवीण द्विवेदी के मुताबिक, अमिताभ ठाकुर इंडस्ट्रियल एरिया में भूमि आवंटन से जुड़े एक मामले में 10 दिसंबर से जेल में बंद हैं। पिछले दो दिनों से वह भूख हड़ताल पर हैं। वे अपनी गिरफ्तारी के वक्त के CCTV और CDR की मांग कर रहे हैं। लेकिन उन्हें दिया नहीं जा रहा है। वकील ने बताया कि जब उन्होंने मुलाकात की, तो अमिताभ ठाकुर काफी भयभीत थे। उन्होंने बताया कि उन्हें अपने बैरक के बाहर एक पत्थर के नीचे दबा हुआ कंप्यूटर से टाइप किया हुआ धमकी भरा पत्र मिला था। पत्र में उन्हें जान से मारने की स्पष्ट धमकी दी गई थी। इस घटना से पूर्व आईपीएस अधिकारी मानसिक रूप से आहत और असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। उन्होंने तत्काल इसकी सूचना जेल प्रशासन को दी और धमकी भरा पत्र व पत्थर अधिकारियों को सौंप दिया। वकील प्रवीण ने इस घटना को जेल जैसी उच्च सुरक्षा वाली जगह के लिए बेहद गंभीर और चिंताजनक बताया। उन्होंने आशंका व्यक्त की कि उनके मुवक्किल की जान को वास्तविक खतरा हो सकता है।




■ रिटायरमेंट के बाद अमिताभ ठाकुर ने अपने घर के बाहर जबरिया रिटायर्ड लिखा था।

**वकील प्रवीण द्विवेदी ने जिला जज की अदालत में 17 जनवरी को जमानत याचिका की सुनवाई के दौरान अमिताभ ठाकुर की पेशी की मांग की थी। जिसे कोर्ट ने स्वीकार करते हुए आरोपी को पेश करने का आदेश दिया है।**

### 6 जनवरी को अचानक तबीयत खराब हो गई थी

अमिताभ ठाकुर की छह जनवरी की देर रात अचानक तबीयत बिगड़ गई थी। उन्हें सीने में तेज दर्द और बेचैनी की शिकायत के बाद जेल प्रशासन ने तत्काल देवरिया मेडिकल कॉलेज पहुंचाया था। डॉक्टरों ने रात 2 बजे अमिताभ ठाकुर की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें गोरखपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया था। शुरुआती जांच में उन्हें हार्ट अटैक की आशंका जताई थी। लेकिन बाद में ट्रोप-आई जांच के बाद यह साफ हो गया कि उन्हें हार्टअटैक नहीं आया था। क्योंकि यह जांच हार्टअटैक की पुष्टि के लिए जरूरी मानी जाती है।

## झालू विद्युत उपकेन्द्र पर समस्या बने पेड़ों का हुआ समाधान

तमसा संकेत, संवाददाता

झालू। नगर व आसपास के ग्रामीण इलाकों में बार-बार हो रही विद्युत आपूर्ति की समस्या का समाधान आखिरकार हो गया। झालू विद्युत उपकेंद्र परिसर में लगे यूकेलिप्टस के बड़े पेड़ लंबे समय से लाइन से टकराकर फॉल्ट का कारण बन रहे थे, जिससे उपभोक्ताओं को बार-बार बिजली कटौती झेलनी पड़ रही थी। बताया गया कि उपभोक्ताओं की लगातार शिकायतों के बाद अवर अभियंता सुदेश कुमार ने स्थिति का निरीक्षण कर उच्चाधिकारियों को अवगत कराया। रिपोर्ट में स्पष्ट किया गया कि यूकेलिप्टस के पेड़ अत्यधिक बड़े हो चुके हैं और विद्युत आपूर्ति के लिए खतरा बने हुए हैं। इसके बाद उच्च अधिकारियों से अनुमति मिलने पर शनिवार को कार्रवाई की गई। कार्य के दौरान सुरक्षा कारणों से क्षेत्र की लगभग चार घंटे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रही। निर्धारित समय



■ चार घंटे की कटौती के बाद मिली राहत 25 यूकेलिप्टिस के पेड़ों पर चला आरा

में विद्युत उपकेंद्र परिसर से कुल 25 यूकेलिप्टस के पेड़ों को काटा गया, जिससे लाइन क्लियर हो सकी। अवर अभियंता सुदेश कुमार ने बताया कि पेड़ कटने के बाद अब टाउन क्षेत्र व ग्रामीण इलाकों में निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित हो सकेगी और उपभोक्ताओं को बार-बार होने वाली परेशानी से राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी ऐसी समस्याओं पर समय रहते कार्रवाई की जाएगी।

### पोल पर चढ़कर युवक ने अपने कपड़ों में आग लगाई

गोरखपुर । गोरखपुर में एक युवक बिजली के पोल पर चढ़ गया। उसने आने कपड़ों में आग लगी। लोगों ने उसे नीचे उतरने को कहा। युवक बोला- मुझे मेरे पाटीदारों ने मारा है। मेरा आधार कार्ड छीन लिया।

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं हरिचरन लाल, पुत्र कैवारनाथ, निवासी ग्राम ररिया, तहसील फतेहपुर, जनपद बाराबंकी (उ०प्र०) का मूल निवासी हूँ। मेरा हाईस्कूल का अंकपत्र, जिसका अनुक्रमांक 1809729, प्रमाण-पत्र संख्या 63028349 तथा रोल नंबर 2164810 है, दिनांक 05/01/2026 को रास्ते में कहीं गिर गया है। जिसकी काफी खोजबीन करने के बाद भी कोई पता नहीं चल सका है। यदि किसी सज्जन व्यक्ति को उक्त अंकपत्र मिले तो कृपया नीचे दिए गए पते पर सूचना देने का कष्ट करें।

## काशी के घाटों पर घूमे, तुलसी चाय पी, बोले- यहां अद्भुत शांति मिलती है

# मुंह ढककर काशी पहुंचे स्टैंड अप कामेडियन जाकिर खान

**भ्रमण**

तमसा संकेत, एजेंसी

वाराणसी । स्टैंड-अप कॉमेडियन जाकिर खान शनिवार को वाराणसी पहुंचे। मुंह ढककर वे काशी के घाटों पर घूमे। बोटिंग भी की। गंगा तट पर चाय और बिस्कुट का स्वाद चखा। कॉमन मैन की तरह आराम से घूम सके इसलिए उन्होंने चेहरा मास्क से ढका हुआ था।

हालांकि, उनके फैंस ने पहचान लिया। इसके बाद सेल्फी लेने की होड़ मच गई। घाटों पर घूम रहे जाकिर खान ने कहा- यहां आने पर आत्मिक सुकून मिलता है। मैं सुकून के कुछ पल यहां बिताने आया हूं।



### अमेजन प्राइम पर 4 स्टैंड-अप स्पेशल शो कर चुके हैं

साल 2017 जाकिर ने अमेजन प्राइम वीडियो पर पहला स्टैंड-अप स्पेशल शो 'हक से सिंगल' रिलीज किया। फिर 2018 में दूसरा स्टैंड-अप स्पेशल शो 'कक्षा ग्यारहवीं' रिलीज किया। फिर कोविड के दौर के बाद साल 2022 में तीसरा स्टैंड-अप स्पेशल शो 'तथास्तु' रिलीज किया। फिर इसी साल अपना चौथा स्टैंड-अप स्पेशल शो 'मनपसंद' भी रिलीज किया। काशी यात्रा के दौरान भी उनकी यही सादगी और आत्मीयता देखने को मिली।

**रेडियो जॉकी बनने का सपना संजोए जाकिर साल 2008 में दिल्ली शिफ्ट हुए। फिर वहां इन्होंने रेडियो का शॉर्ट टर्म कोर्स किया। एक प्राइवेट रेडियो चैनल में 3 महीने की इंटर्नशिप की। इसके बावजूद नौकरी नहीं मिली। फिर वह वापस इंदौर लौट आए।**



स्टैंड-अप कॉमेडियन जाकिर खान ने गंगा घाटों का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने चेहरे मास्क लगा रखा था।

जाकिर खान ने कहा- काशी में आकर उन्हें अद्भुत शांति की अनुभूति होती है। व्यस्त जीवन और लगातार यात्राओं के बीच काशी जैसे आध्यात्मिक स्थल उन्हें आत्मिक सुकून देते हैं। घाटों की गूंजती आरतियां, गंगा की धारा और यहां का वातावरण उन्हें बार-बार आकर्षित करता है। जाकिर खान को वाराणसी के रचित गुप्ता घाटों के साथ घूमने पहुंचे थे। रचित ने उन्हें काशी के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व के बारे में भी बताया।

जाकिर खान एक भारतीय स्टैंड-अप कॉमेडियन, लेखक, कवि, प्रस्तुतकर्ता और अभिनेता हैं। साल 2012 में उन्होंने कॉमेडी सेंट्रल के 'भारत के सर्वश्रेष्ठ स्टैंड-अप कॉमेडियन' का खिताब जीतकर देशभर में पहचान बनाई।

जाकिर का जन्म इंदौर के बंबई बाजार में एक राजस्थानी मुस्लिम परिवार में हुआ। घर में पूरी तरह संगीत का माहौल था। उनके दादा उस्ताद मोइनुद्दीन खान एक प्रसिद्ध सारंगी वादक थे और आकाशवाणी ऑल इंडिया रोडियो में काम करते थे।

# अधिवक्ता सहित तीन को पूछताछ के लिए एसओजी ले गई संभल

## पांच फर्मों पर करीब छह करोड़ का क्लेम

- जिले में 44 फर्जी फर्म चिन्हित 27 फर्मों के खिलाफ विभिन्न थानों में प्राथमिकी दर्ज

तमसा संकेत, संवाददाता

बिजनौर। जीएसटी विभाग द्वारा फर्जी फर्म बनाकर बोगस आईटीसी क्लेम के मामलों में लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में संभल एसओजी की टीम नजीबाबाद पहुंची और एक अधिवक्ता सहित तीन लोगों को पूछताछ के लिए अपने साथ ले गई। सूत्रों के अनुसार संभल एसओजी जीएसटी चोरी और बोगस आईटीसी क्लेम के मामलों की जांच कर रही है। टीम ने नजीबाबाद के कई स्थानों पर दबिश दी, जिसके बाद तीन लोगों को पूछताछ के लिए ले जाया गया। हालांकि सीओ नजीबाबाद नितेश प्रताप सिंह ने संभल एसओजी के आने की




जानकारी से अन भिज्ञता जताई है। बिजनौर जिले में जीएसटी विभाग ने करोड़ों रुपये की बोगस आईटीसी क्लेम करने वाली कुल 44 फर्जी फर्मों को चिन्हित किया है। इनमें से 27 फर्मों के खिलाफ विभिन्न थानों में प्राथमिकी दर्ज की जा चुकी है, जबकि 17 फर्मों पर रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए तहरीर दी गई है। नजीबाबाद क्षेत्र में त्रिशूल इंटरप्राइजेज, आरबी ट्रेडर्स, शर्मा इंटर-प्राइजेज, एसएस ट्रेडिंग कंपनी और अनमोल ट्रेडर्स समेत पांच फर्मों पर करीब छह करोड़ रुपये के बोगस आईटीसी क्लेम का मामला सामने आया है। जांच में इन फर्मों के पते पर कोई मौजूद नहीं मिला, जबकि कागजों में करोड़ों का कारोबार दर्शाया गया।

संयुक्त आयुक्त (कार्यपालक) जीएसटी बिजनौर राजीव आर्थर ने बताया कि जिले में जीएसटी प्रकरण की जांच के लिए एसआईटी गठित की गई है।

**जिले के बिजनौर, स्योहारा, मंड-ावर, धामपुर, शेरकोट, नजीबाबाद और नांगलसोती थानों में जीएसटी से जुड़े प्रकरणों में पहले ही प्राथमिकी दर्ज की जा चुकी है। अन्य थाना क्षेत्रों में भी फर्जी फर्मों के खिलाफ तहरीर दी गई है।**

**फास्ट न्यूज**

### ताजमहल में मुख्य मकबरे पर चढ़ाई गई 1720 मीटर चादर

आगरा । आगरा में ताजमहल में 3 दिवसीय उर्स चल रहा है। ताजमहल के मुख्य मकबरे पर 1720 मीटर चादर चढ़ाई गई है। जिसका हिंदूवादी संगठनों की ओर से विरोध किया गया है। इसी बीच हिंदूवादी नेता मीरा राठौर द्वारा तेजो महालय पर 21 मीटर लंबा भगवा ध्वज चढ़ाने के ऐलान के बाद प्रशासन और पुलिस अलर्ट मोड पर आ गए हैं।

### '14 लाख गवां दिए इसलिए सुसाइड कर रहा हूं'

कानपुर । पनकी में शेयर मार्केट में करीब 14 लाख रुपए गंवाने से परेशान स्क्रैप व्यापारी ने दोस्त के घर जाकर सुसाइड कर लिया। सुसाइड करने से पहले युवक ने दोस्त के साथ खाना बनाकर खाया था। दोस्त के काम पर जाने के बाद युवक ने घटना को अंजाम दिया। परिजनों ने बताया कि स्क्रैप व्यापारी के पिता ने जमीन खरीदने के लिए उसे पैसा दिया था, जिसे हारने से वह परेशान था। व्यापारी की जेब से एक पर्ची मिली जिसमें लिखा था कि मैं शेयर मार्केट में 14 लाख हार गया हूं, इसलिए आत्महत्या कर रहा हूं... मेरी मौत का जिम्मेदार मैं खुद हूं, इसमें किसी का दोष नहीं है।

### सुमन बोले- ये सरकार महात्मा गांधी की कातिल

आगरा । सपा सांसद रामजीलाल सुमन ने एक बार फिर भाजपा सरकार पर करारा हमला बोला है। शनिवार को उन्होंने आगरा में कहा- गोडसे इनका आदर्श है और ये महात्मा गांधी के कातिल हैं। मगर, इन लोगों के मारने से गांधी मर नहीं सकते। राज्यसभा सांसद ने शनिवार को 'जी राम जी' के विरोध में प्रेसवार्ता की। इस दौरान सांसद ने भाजपा सरकार को कटघरे में खड़ा किया।

## नजीबाबाद एल आई सी शाखा में अभिकर्ता संगोष्ठी का आयोजन

- विकास अधिकारी ने अभिकर्ताओं के साथ साझा किये
- एल आई सी में काम करने के फायदे



तमसा संकेत, संवाददाता

नजीबाबाद। भारतीय जीवन बीमा निगम की नजीबाबाद शाखा के विकास अधिकारी भोले सिंह ने अपने अभिकर्ताओं की सभा का आयोजन किया जिसमें सभी अभिकर्ताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। अवगत कराना है कि भारतीय जीवन बीमा निगम की नजीबाबाद शाखा के विकास अधिकारी द्वारा शनिवार सुबह लगभग 10 बजे अपने अभिकर्ताओं का टीकाकरण कर एवं फूलों का गुलदस्ता भेंट कर शुभारंभ किया गया। उन्होंने कहा कि यदि कोई एल आई सी के क्षेत्र में काम करता है तो अच्छी आय के साथ-साथ सामाजिक सम्मान में भी वृद्धि होती है। उन्होंने बताया कि इस क्षेत्र में काम करने से सरकारी नौकरी के अवसर प्राप्त होते हैं। उन्होंने अपने अभिकर्ताओं के कार्य को कुशल बनाने के तरीकों के बारे में बताया एवं अच्छा कार्य करने वाले अभिकर्ताओं को सम्मानित किया। इसी के साथ-साथ एल आई सी की प्रसिद्ध पॉलिसियों के बारे में बताया एवं प्रचलित प्लान के फायदे बताए। सभा का समापन लगभग 3 बजे मध्याह्न भोजन के उपरांत किया गया। सभा के मुख्य अतिथि भारतीय जीवन बीमा निगम नजीबाबाद शाखा के शाखा प्रबंधक ऋषभ कपूर एवं उनके सहयोगी सहायक शाखा प्रबंधक अरविंद कुमार रहे।

## प्रातः 10:30 बजे से शाम 4:30 बजे तक आयोजित होगा मेगा कैंप तथा सभी बीएलओ की रहेगी उपस्थिति

# जिलाधिकारी ने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ की बैठक

तमसा संकेत, संवाददाता

मथुरा । जिलाधिकारी / जिला निर्वाचन अधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान 2026 के संबंध में सभी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक हुई । इस दौरान जिलाधिकारी ने बैठक में बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अर्हता दिनांक 1 जनवरी 2026 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र की निर्वाचक नामावलियों का विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण का आलेख्य प्रकाशन दिनांक 06 जनवरी 2026 को जनपद के अन्तर्गत 81 छाता, 82 मांट, 83 गोवर्धन, 84 मथुरा एवं 85 बल्देव (अ०जा०) विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों के समस्त मतदेय



**दिनांक 18 जनवरी 2026 को जनपद की सभी विधानसभाओं के समस्त मतदेय स्थलों पर आयोजित होगा विशेष कैंप/मेगा कैंप/खुली बैठक। बीएलओ द्वारा निर्वाचक नामावलियों का आलेख्य प्रकाशन सूची को पढ़कर सुनाया जाएगा तथा फॉर्म 6, 7 एवं 8 प्राप्त किया जाएगा।**

स्थलों / पदाभिहित स्थलों (मतदान केन्द्रों) पर कराते हुए दावे / आपत्तियाँ दिनांक 06 जनवरी 2026 से 06 फरवरी 2026 तक प्राप्त की जा रही हैं। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिनांक 18 जनवरी 2026 को विशेष अभियान निर्धारित किया गया हैं, जिसके क्रम में जनपद के समस्त बूथों पर तैनात बीएलओ एवं पदाभिहित स्थलों (मतदान केन्द्रों) पर तैनात पदाभिहित अधिकारी द्वारा प्रातः 10.30 बजे से सांय 4.30 बजे तक उपस्थित रहकर अर्ह नागरिकों से दावे / आपत्तियाँ प्राप्त किये जायेंगे। मेगा कैम्प / खुली बैठक में बी०एल०ओ० द्वारा आलेख्य निर्वाचक नामावली एवं अनुपस्थित / शिफ्टेड/ मृतक/

### 'जनपद में 1107 मतदान केंद्र है तथा 2266 मतदेय स्थल'

जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि जनपद में 1107 मतदान केंद्र है तथा 2266 मतदेय स्थल है। उन्होंने बताया है कि दिनांक 17 जनवरी 2026 तक जनपद में 23142 फॉर्म 6, 600 फॉर्म 7 तथा 8392 फॉर्म 8 प्राप्त हुए है। जिलाधिकारी ने जन साधारण से अपील करते हुए कहा कि जनपद के अर्ह नागरिक, जो दिनांक 1 जनवरी 2026 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहे हैं, वह दिनांक 18 जनवरी 2026 को आयोजित मेगा कैंप / विशेष अभियान में अपने से संबंधित बूथ पर जाकर मतदाता सूची में अपना नाम बढ़ाने हेतु प्रारूप 6, विद्यमान निर्वाचक नामावली / ईपीआईसी प्रतिस्थापन / दिव्यांगजन चिह्नांकित करने संबंधी प्रविष्टियों का सुधार/ निवास स्थानान्तरण हेतु प्ररूप 8 तथा मतदाता सूची से नाम अपमार्जित करने हेतु प्ररूप 7 पर अपना आवेदन संबंधित बूथों पर उपस्थित बीएलओ एवं पदाभिहित अधिकारियों को जमा करा सकते हैं।

डुप्लीकेट सूचियां को पढ़कर सुनाया जायेगा तथा अधिक से अधिक फार्म 6, 7 व 8 प्राप्त किये जायेंगे। जिलाधिकारी ने अवगत कराया है कि विशेष अभियान के दौरान जिन विद्यालयों / भवनों में मतदेय स्थल / मतदान केन्द्र स्थापित है, वह भवन खुले रहेंगे। कोई भी व्यक्ति https://electoralsearch.eci.gov.in पर अपना एपिक नंबर / विवरण / रजिस्टर्ड मोबाइल नं० दर्ज कर मतदाता सूची में अपने नाम की पुष्टि कर सकता है।

## पीड़ित मजदूर ने तहसील समाधान दिवस में शिकायत कर कार्रवाई की मांग

# जमीन से अवैध कब्जा हटाने के नाम पर रिश्वत लेने का आरोप

तमसा संकेत, संवाददाता

सूरतगंज (बाराबंकी)। सूरतगंज ब्लॉक से एक गरीब किसान के उत्पीड़न का गंभीर मामला सामने आया है। ग्राम बेलपुरवा मजरे बिझला निवासी एक किसान ने तहसील समाधान दिवस में उपजिलाधिकारी रामनगर को प्रार्थना पत्र देकर पुस्तैनी जमीन पर अवैध कब्जा, सरकारी कर्मचारियों पर रिश्वतखोरी तथा धमकी देने जैसे गंभीर आरोप लगाते हुए निष्पक्ष जांच और सख्त कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित अशोक कुमार पुत्र रामशरण ने बताया कि वह मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करता है। उसके नाम ग्राम बेलपुरवा में गाटा संख्या 753, रकबा 0.0283 हेक्टेयर भूमि राजस्व अभिलेखों में दर्ज है, जिस पर वह



वर्षों से काबिज चला आ रहा है। आरोप है कि गांव के ही पांच लोग जमीन पर अवैध कब्जा करने की नीयत से घूर और गड्ढा बनवा लिया। इतना ही नहीं, पीड़ित का आरोप है कि उक्त लोगों द्वारा गाटा संख्या 752 (पंचायत भवन) तथा गाटा संख्या 1028 पर भी अवैध कब्जा किया गया है। अशोक कुमार के अनुसार, उसने 6 दिसंबर 2025 को इस पूरे मामले की शिकायत उपजिलाधिकारी रामनगर से की थी। शिकायत के बाद हल्का लेखपाल द्वारा जांच का आश्वासन दिया गया, लेकिन इसी दौरान हल्का लेखपाल अंशुमान श्रीवास्तव और कानूनगो जय शंकर उपाध्याय ने कथित रूप से उससे 40 हजार रुपये की मांग की। दोनों अधिकारियों ने भरोसा दिलाया कि एक सप्ताह के भीतर उसकी जमीन से अवैध कब्जा हटवा दिया जाएगा। पीड़ित का कहना है कि मजबूरी में उसने घर में रखी धान, गेहूं और सरसों की फसल बेचकर पैसों का इंतजाम किया। आरोप है कि उसने लेखपाल को 15 हजार रुपये नकद व 5 किलो घी तथा कानूनगो को 21,500 रुपये नकद व 2 किलो घी दिए। इसके बावजूद न तो अवैध कब्जा हटाया गया और न ही कोई ठोस कार्रवाई हुई। तो पीड़ित ने जीआरएस की तो उल्टे पीड़ित का आरोप है कि उसके ही घर पर बुलडोजर चलवाकर छप्पर तथा गिट्टी-सरिया को मिट्टी में मिला दिया गया।

**अशोक कुमार ने तहसीलदार रामनगर से मांग की है कि उसकी भूमि को तत्काल अवैध कब्जे से मुक्त कराया जाए, लेखपाल और कानूनगो द्वारा लिए गए 37,500 रुपये वापस दिलाए जाएं तथा पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। इस संबंध में रामनगर एसडीएम से दूरभाष पर संपर्क किया तो फोन नहीं उठा।**

# लव मैरिज के बाद पत्नी की हत्याकर थाने पहुंचा

## कानपुर में बोला- साहब, गला घोटकर मार डाला, लाश कंबल में पड़ी है

तमसा संकेत, एजेंसी

कानपुर । कानपुर में पति ने लव-मैरिज के 4 महीने बाद ही पत्नी की हत्या कर दी। उसने खुद थाने जाकर सरेंडर किया। रोते हुए इंस्पेक्टर से बोला- साहब, मैंने अपनी पत्नी का गला घोट दिया। उसकी लाश घर पर कंबल में लिपटी पड़ी है।

उसने बताया- वारदात के 4 घंटे बाद तक इधर-उधर भटकता रहा। भागने की कोशिश की, लेकिन बाद में सरेंडर करने का फैसला किया। यह सुनते ही थाने में अफरा-तफरी मच गई। पुलिसवालों ने उसे घेरकर पकड़ लिया। पुलिस आरोपी सचिन सिंह (22) को लेकर घटनास्थल पर पहुंची। वहां कमरे में चारपाई पर कंबल में उसकी पत्नी श्वेता की


श्वेता मृतक पत्नी

लाश मिली। मामला महाराजपुर थाना क्षेत्र का है। सचिन न्यू हाईटेक सिटी में मुस्कान अस्पताल के ऊपर बने कमरे में किराए पर रहता है। सचिन पुत्र भारत सिंह फतेहपुर जिले के मोहनपुर गांव का रहने वाला है। उसने पुलिस को बताया, 'चार महीने पहले उसने गांव की ही रहने वाली श्वेता सिंह से घरवालों के खिलाफ जाकर कोर्ट मैरिज की थी। घरवालों की नाराजगी की वजह से उसने सूरत में प्राइवेट फैक्ट्री में नौकरी कर ली। पत्नी को भी अपने साथ ले गया। एक महीने बाद ही वापस आ गया।

महाराजपुर थाना क्षेत्र के रूमा स्थित एक किराए के कमरे में रहने लगा। यहां उसने किराए पर ऑटो लेकर चलाना शुरू किया, लेकिन मुझे पत्नी पर शक होने लगा। उसके खाते में रुपए आए थे। पूछने पर बताती कि नानी ने पैसे भेजे हैं। शुक्रवार को पत्नी को रंगे हाथ पकड़ने के बाद मैंने आपा खो दिया और वारदात को अंजाम दिया।

सचिन ने बताया- मेरे घर के सामने इंजीनियरिंग करने वाले 2 से 3 लड़के रहते हैं। शुक्रवार को मैं दोस्तों के साथ पार्टी करने गया था।

## पृष्ठ 01 का शेष...

### 'अहिल्याबाई की ...

कांग्रेस मंदिर तोड़ने के AI वीडियो से जनता को गुमराह कर रही, यह अपराध है। सीएम ने कहा- अहिल्याबाई का कांग्रेस ने सम्मान नहीं किया। इनके नेताओं की टिप्पणी पर हंसी और दया आती है। ये वैसा ही है, जैसे 100 चूहे खाकर बिल्ली हज को चली। मैं AI से तस्वीर बनाने वालों को चेतावनी देता हूं, इसे कतई स्वीकार नहीं करेंगे।

दरअसल, 10 जनवरी को इंदौर के होल्कर ट्रस्ट ने दावा किया था कि मणिकर्णिका घाट पर देवी अहिल्याबाई होल्कर की मूर्ति तोड़ दी गई। कई धार्मिक प्रतीकों को भी नुकसान हुआ। कुछ मूर्तियां टूटकर मलबे में दब गईं। इसके बाद कुछ तस्वीरें भी सामने आई थीं। तब, वाराणसी के DM ने इन्हें AI जनरेटेड करार दिया था।

### योगी बोले- आप ...

इसके लिए एक कार्यक्रम का शुभारंभ होता है। वो भी सरकारी पैसे से नहीं, बल्कि पीएम के प्रयास से एक कंपनी के सीएसआर के पैसे से किया जा रहा। ऐसे लोग फिर से प्रलाप शुरू कर रहे हैं। वर्तमान में जो चीजें चल रही हैं, आप लोगों से कुछ छिपा नहीं।

### मुंबई में शिंदे के सभी ...

उधर CM फडणवीस ने कहा, मेयर कौन बनेगा और कब चुना जाएगा। ये सभी फैसले मैं, एकनाथ शिंदे और हमारे पार्टी नेता मिलकर लेंगे। इस पर कोई विवाद नहीं है।

महाराष्ट्र में निगम चुनावों में बीजेपी ने कुल 29 नगर निगमों में से 17 पर जीत दर्ज की है। वहीं, उसके नेतृत्व वाले महायुति गठबंधन ने 8 निगमों में जीत हासिल की। इस तरह भाजपा गठबंधन को 25 नगर निगमों में जीत मिली है।

भाजपा-शिवसेना (शिंदे) के गठबंधन ने उद्धव ठाकरे से BMC छीनकर, उनका तीन दशक पुराना दबदबा खत्म कर दिया है। बीएमसी में भाजपा 89 जीतकर सबसे बड़ी पार्टी बनी है।

राज्य चुनाव आयोग की तरफ से घोषित फाइनल रिजल्ट के मुताबिक BJP+ ने 29 नगर निगमों में 2,869 सीटों में से 1,425 सीटें जीती हैं।

शिवसेना ने 399, कांग्रेस ने 324, NCP ने 167, शिवसेना (UBT) ने 155, NCP (SP) ने 36, MNS ने 13, BSP ने 6, SEC में रजिस्टर्ड पार्टियों ने 129, गैर-मान्यता प्राप्त पार्टियों ने 196 और 19 सीटें निर्दलीयों ने जीतीं।

### बांग्लादेश में कर्मचारी...

पुलिस के मुताबिक, शनिवार सुबह करीब 11 बजे मसूम मिया (28) दुकान में आया। किसी मामूली बात को लेकर उसका दुकान में काम करने वाले 17 साल के कर्मचारी अनंत दास से विवाद हो गया। देखते ही देखते कहासुनी मारपीट में बदल गई।

कुछ देर बाद मसूम मिया के माता-पिता, मोहम्मद स्वपन मिया (55) और मजीदा खातून (45) मौके पर पहुंचे और झगड़े में शामिल हो गए।

जब दुकान मालिक लिटन चंद्र घोष ने बीच-बचाव कर अपने कर्मचारी को बचाने की कोशिश की, तो हमलावरों ने उस पर भी हमला कर दिया।

इसी दौरान लिटन के सिर पर फावड़े से वार किया गया। पुलिस के मुताबिक, चोट इतनी गंभीर थी कि उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

### लोगों ने आरोपियों को ...

शुरुआती प्रक्रिया पूरी होने के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### कोहरे में 40 ...

इनके अलावा पहलगाम -2.6C, गुलमर्ग -4.2C, सोनमर्ग -2.9C रहा।

हिमाचल के लाहौल स्पीति और चंबा में बर्फबारी हुई। स्पीति के शिंकुला दर्रा में 25 टूरिस्ट व्हीकल बर्फबारी में फंस गए, जिन्हें पुलिस ने रेस्क्यू किया।

शिमला और चौपाल के अलावा सभी शहरों के तापमान में बढ़ोतरी हुई। सियोबाग का पारा 1.0C से सीधे 8.0C पहुंचा। उत्तराखंड के 4 जिलों में नदी-नाले और झरने जम चुके हैं, जिसमें पिथौरागढ़, चमोली, उत्तरकाशी और रुद्रप्रयाग के ऊंचाई वाले इलाके शामिल है। इन इलाकों में पानी की पाइपलाइन भी जम चुकी है। मौसम विभाग के मुताबिक 17 जनवरी को उत्तरकाशी, चमोली और पिथौरागढ़ जिले के ऊंचाई वाले इलाकों में हल्की बारिश के साथ बर्फबारी होने की संभावना है।

### ईरान से लौटे ...

इनमें से अधिकांश छात्र हैं। वहां के हालिया घटनाक्रमों के मद्देनजर हमने भारतीय नागरिकों को वहां उपलब्ध साधनों से देश छोड़ने की सलाह दी है।

इससे पहले, गुरुवार को विदेश मंत्रालय ने ईरान में फंसे भारतीय लोगों के लिए एक एडवाइजरी की थी। सरकार ने भारतीय नागरिकों से अपने पासपोर्ट, वीजा और अन्य जरूरी डॉक्यूमेंट्स हमेशा अपने पास तैयार रखने को कहा था।

भारतीय दूतावास ने लोगों के लिए हेल्पलाइन नंबर और ईमेल एड्रेस भी जारी किया है। भारत सरकार की यह एडवाइ-जरी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की उस धमकी के बाद आई है, जिसमें कहा गया है कि अगर ईरान देशभर में हो रहे प्रदर्शनों का हिंसा से जवाब देना जारी रखता है, तो अमेरिका सैन्य कार्रवाई कर सकता है।

### मुर्शिदाबाद में तनाव...

अधिकारियों ने कहा कि हालात सामान्य करने और हिंसा को फैलने से रोकने की कोशिश की जा रही है।

बेलडांगा में हिंसा की शुरुआत शुक्रवार सुबह हुई थी। मुर्शिदाबाद के अलाउद्दीन शेख (30), झारखंड में फेरीवाले का काम करता था। गुरुवार सुबह उसके गांव में मौत की खबर पहुंची। बताया गया कि उसका शव घर में फांसी के फंदे से लटका मिला। परिजनों और ग्रामीणों का आरोप है कि अलाउद्दीन की पिटाई कर हत्या की गई, इसके बाद शव को लटका दिया गया। शुक्रवार को जब शव गांव पहुंचा, तो गुस्साए लोगों ने दोषियों की तत्काल गिरफ्तारी और कड़ी सजा की मांग को लेकर सड़क और रेल मार्ग जाम कर दिया। भाजपा सांसद और प्रवक्ता संबित पात्रा ने दिल्ली में प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि मुर्शिदाबाद में एनएच-12 को जाम कर दिया गया। सभी रेल सेवाएं रोक दी गई हैं। जब अभिषेक बनर्जी से सवाल किया गया, तो उन्होंने कहा कि यदि मतदाता सूची से नाम हटाए गए, तो विरोध प्रदर्शन होंगे। एक महिला पत्रकार पर इतनी बेरहमी से हमला किया गया कि उसे 24 घंटे तक अस्पताल में भर्ती रहना पड़ा।

### रेलवे गेट तोड़ा...

नए सिरे से तनाव की खबर के बाद बेलडांगा में पुलिस की तैनाती और बढ़ा दी गई है।

### कांग्रेस ने घुसपैठियों...

इससे पहले एयरपोर्ट से स्टेडियम तक पीएम ने रोड शो निकाला।

मोदी रात में गुवाहाटी में रुकेंगे। रविवार को कालियाबोर जाएंगे, यहां 6,957 करोड़ के काजीरंगा एलिवेटेड कॉरिडोर की आधारशिला रखेंगे। इससे पहले दोपहर में पीएम पश्चिम बंगाल के मालदा पहुंचे थे। पीएम मोदी बोले कांग्रेस वही पार्टी है जिसने भूपेन हजारिका को भारत रत्न देने का विरोध किया था। कर्नाटक की कांग्रेस सरकार के मंत्री ने असम में लगने वाली सेमिकंडक्टर यूनिट लगने का विरोध किया। ये व्यक्ति कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष के बेटे हैं। असम से दिल्ली की दूरी कम की है। हमने इसे पॉलिसी का हिस्सा बनाया है। इससे व्यापार और पर्यटन को मदद मिलेगी। जब संवाद और भरोसा मजबूत होता है, समान अवसर हर किसी तक पहुंचते हैं। तो सकारात्मक बदलाव नजर आते हैं। असम की प्रगति से भारत की ग्रो स्टोरी नई शक्ति मिल रही है। असम तेजी से बढ़ने वाले राज्यों में नई पहचान बना रहा है। हमारा देश 2047 तक विकसित होने पर काम कर रहा है। इसलिए लिए पूर्वी भारत का विकास होना जरूरी है। पूर्वी भारत को दशकों तक नफरत करने वालों ने जकड़ रखा था। भाजपा ने नफरत की राजनीति करने वालों से पूर्वी भारत को मुक्त किया है। पूर्वी भारत के लोगों का विश्वास भाजपा के नाम है।

उनका विश्वास भाजपा के साथ है।

# पहले मैच में मुंबई इंडियंस बनाम यूपी वारियर्ज ■ आज दो मैच खेले जाएंगे

# डब्ल्यूपीएल में मंधाना के सामने होंगी जेमिमा




**मुकाबला**

नई दिल्ली, एजेंसी

विमेंस प्रीमियर लीग में आज डबल हेडर मुकाबले खेले जाएंगे। सीजन का 10वां मैच मुंबई इंडियंस और यूपी वारियर्ज के बीच दोपहर 3 बजे से खेला जाएगा। वहीं, 11वां मुकाबला शाम 7 बजे रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और दिल्ली कैपिटल्स के बीच होगा। दोनों ही मैच नवी मुंबई के डीवाई पाटिल स्टेडियम में खेले जाएंगे। मुंबई और यूपी की टीमें इस सीजन दूसरी बार आमने-सामने होंगी। पहली भिड़ंत में यूपी वारियर्ज ने मुंबई इंडियंस को 7 विकेट से हराया था। मौजूदा स्थिति की बात करें तो मुंबई ने अब तक 4 मैच खेले हैं, जिसमें 2 जीत और 2 हार के साथ उसके 4 पॉइंट्स हैं और टीम पॉइंट्स टेबल में दूसरे स्थान पर है। वहीं यूपी वारियर्ज ने 4 मैचों में सिर्फ एक जीत दर्ज की है और 3 हार के साथ 2 पॉइंट्स लेकर आखिरी स्थान पर है। दिन के दूसरे मुकाबले में स्मृति मंधाना की अगुआई वाली RCB टीम सीजन में तीसरी बार मैदान में उतरेगी और दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ उसका यह पहला मुकाबला होगा। RCB ने अब तक खेले गए दोनों मैच जीते हैं और 4 पॉइंट्स के साथ पॉइंट्स टेबल में टॉप पर काबिज है।

### यूपी के सामने मुंबई आगे

अब तक विमेंस प्रीमियर लीग में MI और UPW के बीच कुल 8 मुकाबले खेले गए हैं। इनमें से मुंबई इंडियंस ने 5 मैच जीते हैं, जबकि यूपी वारियर्ज को 3 मुकाबलों में जीत मिली है। वहीं RCB और DC के बीच खेले गए मुकाबलों में दिल्ली कैपिटल्स का पलड़ा भारी रहा है। दोनों टीमों के बीच अब तक 7 मैच हुए हैं, जिनमें दिल्ली ने 5 मुकाबले जीते हैं, जबकि बेंगलुरु को सिर्फ 2 मैचों में जीत नसीब हुई है।

**गेंदबाजी में अमिलिया कर मुंबई की सबसे प्रभावी गेंदबाज साबित हुई हैं। उन्होंने 4 मैचों में 7 विकेट झटके हैं, जिसमें 24 रन देकर 3 विकेट उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन रहा। वहीं पिछले मुकाबले में स्पिनर संस्कृति गुप्ता ने भी कसी हुई और असरदार गेंदबाजी कर टीम को मजबूती दी थी।**

### लिचफील्ड शानदार फॉर्म में

यूपी वारियर्ज की ओर से ओपनर फीबी लिचफील्ड ने अब तक टीम के लिए सबसे ज्यादा रन बनाए हैं। उन्होंने इस सीजन में 150 रन बनाए हैं, जिसमें 78 रन उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर रहा है। वहीं हरलीन देओल भी शानदार फॉर्म में नजर आ रही हैं। पिछले मैच में उन्होंने नाबाद अर्धशतक जड़ते हुए टीम को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी।

# श्रेयस अय्यर की 25 महीने बाद टी-20 टीम में वापसी

## न्यूजीलैंड के खिलाफ तिलक वर्मा की जगह खेलेंगे



नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय वनडे टीम के उपकप्तान श्रेयस अय्यर की 25 महीने बाद टी-20 टीम में वापसी हुई है। उन्हें चोटिल तिलक वर्मा की जगह मौका दिया गया है। शुक्रवार को BCCI ने न्यूजीलैंड के भारत दौरे के लिए रिप्लेसमेंट खिलाड़ियों की घोषणा की। 31 साल के श्रेयस अय्यर के अलावा रवि बिश्नोई को भी टीम में शामिल किया गया है। उन्हें चोट के कारण बाहर हुए वाशिंगटन सुंदर की जगह टीम में जगह मिली है। टी-20 वर्ल्ड कप से पहले टीम इंडिया को न्यूजीलैंड के खिलाफ 5 मैचों की टी-20 सीरीज खेलनी है। इस सीरीज का पहला मुकाबला 21 जनवरी को नागपुर में खेला जाएगा।

श्रेयस अय्यर को पहले 3 मैचों के लिए ही टी-20 टीम में शामिल किया गया है। श्रेयस पिछले साल 25 अक्टूबर को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे वनडे में चोटिल हो गए थे। उन्होंने 11 जनवरी को न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले वनडे से ही इंटरनेशनल क्रिकेट में वापसी की है। श्रेयस अय्यर ने पिछला टी-20 मैच दिसंबर 2023 में बेंगलुरु में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेला था। उन्होंने 37 बॉल पर 53 रनों की पारी खेली थी। भारत ने इस मैच को 6 विकेट से जीता था। अय्यर ने टी-20 इंटरनेशनल करियर में 51 मैच खेले हैं। इन मैचों में अय्यर ने 8 अर्धशतकों के सहारे 1104 रन बनाए हैं। IPL 2025 में श्रेयस अय्यर ने शानदार फॉर्म दिखाते हुए 175.07 के स्ट्राइक रेट से 604 रन बनाए थे और अपनी कप्तानी में पंजाब किंग्स को फाइनल तक पहुंचाया था।

# कोहली-कुलदीप ने महाकाल के दर्शन किए

## भस्म आरती में शामिल हुए, तिलक लगाकर नंदी हॉल में जाप करते नजर आए

उज्जैन, एजेंसी



भारत-न्यूजीलैंड के बीच इंदौर में खेले जाने वाले मैच से पहले विराट कोहली और कुलदीप यादव उज्जैन के महाकालेश्वर मंदिर पहुंचे। दोनों ने त्रिपुंड (तिलक) लगवाया। इसके बाद भस्म आरती में शामिल हुए।

मैच रविवार को होलकर स्टेडियम में होना है। विराट और कुलदीप शनिवार सुबह करीब 4 बजे भस्म आरती के लिए महाकाल मंदिर पहुंचे। दो घंटे तक नंदी हॉल में बैठकर आरती देखी। इस दौरान वे जाप करते नजर आए।

भस्म आरती के बाद विराट और कुलदीप ने भगवान को जल अर्पित किया। फिर नंदी जी का पूजन अर्चन कर भगवान महाकाल के देहरी से दर्शन किए। इस मौके पर महाकाल मंदिर समिति की ओर से दोनों का सम्मान किया गया। कुलदीप यादव ने कहा कि महाकाल मंदिर आकर बहुत अच्छा लगा। क्रिकेट के साथ-साथ अपनी लाइफ में भी अच्छा करते रहें, भगवान महाकाल का आशीर्वाद सब पर बना रहे बस यही मांगा है। बता दें, इससे पहले भी विराट और कुलदीप महाकाल मंदिर में दर्शन करने आ चुके हैं। भारत-न्यूजीलैंड के होने वाले मैच के लिए टीम इंडिया इंदौर पहुंची हुई है। इससे पहले शुक्रवार को भारतीय टीम के हेड कोच गौतम गंभीर आगर मालवा जिले के नलखेड़ा स्थित विश्व प्रसिद्ध मां बगलामुखी मंदिर पहुंचे। यहां वे हवन-अनुष्ठान में शामिल हुए और वैदिक मंत्रोच्चार किया।

पूजा, अनुष्ठान के बाद गौतम गंभीर ने माता के दरबार में कुछ समय बिताया। गर्भगृह में मुख्य पुजारी दिनेश गुरू ने उन्हें माता की चुनरी ओढ़ाई। इधर, क्रिकेटर केएल राहुल उज्जैन में महाकाल मंदिर पहुंचे। यहां उन्होंने पूजा की।

# यहां गंदे पानी से अब तक 24 मौतें ■ बीसीसीआई ने शेफ भी भेजा

# इंदौर आए गिल 3 लाख का वाटर प्यूरीफायर साथ लाए

नई दिल्ली, एजेंसी

न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे सीरीज का आखिरी मुकाबला खेलने के लिए टीम इंडिया इंदौर पहुंच चुकी है। कप्तान शुभमन गिल अपने साथ करीब तीन लाख रुपए की एक विशेष वॉटर प्यूरीफिकेशन मशीन लेकर इंदौर आए हैं।

हमारे सहयोगी अखबार के मुताबिक, होटल से जुड़े सूत्रों ने बताया कि यह मशीन आरओ और पैक्ड बोतलबंद पानी को भी दोबारा पूरी तरह शुद्ध करने में सक्षम है। शुभमन गिल ने इस मशीन को अपने कमरे में ही रखवाया है। होटल स्टाफ को भी इसके इस्तेमाल और तकनीक से जुड़ी विस्तृत जानकारी नहीं दी गई है। हालांकि, यह साफ नहीं हो पाया है कि गिल ने यह कदम इंदौर में हाल ही में दूषित पानी पीने से हुई मौतों को देखते हुए एहतियात के तौर पर उठाया है या इसके पीछे कोई और वजह है। इंदौर के भागीरथपुरा इलाके में दूषित पानी के कारण अब तक 24 लोगों की मौत हो चुकी है।

भारत और न्यूजीलैंड के बीच वनडे सीरीज का तीसरा और निर्णायक मुकाबला 18 जनवरी को इंदौर में खेला जाएगा। फिलहाल दोनों टीमों ने एक-एक मैच जीत लिया है और सीरीज 1-1 की बराबरी पर है।

रोहित शर्मा की डाइट में बादाम, स्प्राउट, ओट्स, फ्रूट, पनीर, सब्जी, दाल और चावल शामिल रहता है। इसके साथ ही अन्य खिलाड़ी भोजन में चिकन, मछली, अंडे, ब्राउन राइस, दालें, नट्स के साथ हाइड्रेट रहने के लिए नारियल पानी और ग्रीन टी लेते हैं।



■ इंदौर पहुंचने के बाद भारतीय टीम होटल में जाती हुई।

**विराट कोहली की डाइट में उबला और स्टीम्ड खाना शामिल रहता है। उनके नाश्ते में स्प्राउट, नींबू के साथ ग्रीन टी और खाने में हरी ग्रील्ड सब्जियां, दाल, रायता और सूप शामिल होता है।**



### टीम के साथ बीसीसीआई ने शेफ भी भेजे हैं

खिलाड़ियों की फिटनेस और डाइट को ध्यान में रखते हुए BCCI ने टीम के साथ स्पेशल शेफ भी भेजे हैं। शेफ हर खिलाड़ी की जरूरत के अनुसार भोजन तैयार कर रहा है। शुक्रवार को भारतीय टीम ने आराम किया, जबकि न्यूजीलैंड की टीम ने प्रैक्टिस की। शनिवार को टीम इंडिया भी अभ्यास करेगी।

**मनोरंजन**

# ‘मुझे किसी ने ब्रेनवॉश नहीं किया’

## हिजाब पहनने पर पूर्व एक्ट्रेस सना खान बोलीं, मेरे पति अनस ने मुझे सही रास्ता दिखाया



नई दिल्ली। पूर्व अभिनेत्री सना खान हाल ही में एक्ट्रेस रश्मि देसाई के यूट्यूब चैनल पर अपने पति मुफ्ती अनस सैयद के साथ नजर आईं। इस बातचीत में सना ने अपनी शादी, बॉलीवुड छोड़ने के फैसले और उन अफवाहों पर खुलकर बात की, जिनमें कहा जाता रहा कि उन्हें इंडस्ट्री छोड़ने के लिए ‘ब्रेनवॉश’ किया गया।

सना खान ने बताया कि उनकी शादी बेहद निजी और ‘टॉप सीक्रेट’ तरीके से हुई थी। उन्होंने कहा कि जब उनकी शादी तय हुई, तब उनके माता-पिता के अलावा किसी को दूल्हे का नाम तक नहीं पता था। यहां तक कि मेहंदी आर्टिस्ट ने भी जब दूल्हे का नाम पूछा, तो उन्होंने बताने से इनकार कर दिया। सना ने कहा कि वह उस वक्त अपनी जिंदगी के एक बड़े बदलाव से गुजर रही थीं और खुद को पूरी तरह बदल रही थीं। यह फैसला उनका अपना था और इस रास्ते पर उन्हें उनके पति अनस ने सही दिशा दिखाई।

बॉलीवुड छोड़ने और हिजाब पहनने को लेकर उठे सवालों पर सना ने साफ कहा कि किसी को भी जबरदस्ती ब्रेनवॉश नहीं किया जा सकता।

उन्होंने कहा- “लोग सोचते हैं कि पहले मैं बिना हिजाब के रहती थी और अचानक सब बदल गया, तो जरूर किसी ने मुझे ब्रेनवॉश किया होगा। लेकिन ऐसा नहीं है। जब तक आप खुद नहीं चाहते, कोई आपको नहीं बदल सकता। मैं शांति चाहती थी। इंसान को शोहरत, पैसा और रुतबा मिल सकता है, लेकिन आखिर में हर कोई सुकून ही चाहता है।”

सना ने यह भी कहा कि उन्होंने फिल्म इंडस्ट्री इसलिए छोड़ी क्योंकि जब आपका माहौल सही नहीं होता, तो आपके फैसले भी अक्सर गलत हो जाते हैं। आज वह अपने पति के साथ रिश्ते को सबसे ज्यादा अहमियत देती हैं। उन्होंने यह भी बताया कि उनकी शादी का ज्यादातर खर्च अनस और उनके परिवार ने उठाया, जो आम तौर पर देखने को नहीं मिलता।

गौरतलब है कि साल 2019 में सना खान ने कोरियोग्राफर मेल्विन लुईस के साथ अपने रिश्ते को सार्वजनिक किया था। हालांकि, 2020 में उन्होंने उन पर धोखाधड़ी और घरेलू हिंसा के गंभीर आरोप लगाए थे। सना ने दावा किया था कि मेल्विन ने उनके साथ मारपीट की थी और उनके पास इसके सबूत भी मौजूद हैं।



■ सना और अनस के दो बेटे हैं।

# बॉलीवुड सिंगर बी प्राक को लॉरेंस गैंग की धमकी

## 10 करोड़ फिरौती मांगी, वॉयस मैसेज में कहा- चाहे किसी कंट्री में जाए

मोहाली/जालंधर, एजेंसी



पंजाब में मोहाली के रहने वाले बॉलीवुड सिंगर बी प्राक से लॉरेंस गैंग ने 10 करोड़ रुपए की फिरौती मांगी है। इसके लिए एक हफ्ते का टाइम दिया गया है। लॉरेंस गैंग के गैंगस्टर आरजू बिश्नोई ने सिंगर के करीबी को धमकी भरा वॉयस मैसेज भेजा है।

जिसमें कहा गया कि अगर रकम न मिली और हमारे साथ मिलकर न चले तो चाहे किसी भी कंट्री में चले जाओ, मिट्टी में मिला देंगे। जिसके बाद बी प्राक के करीबी पंजाबी सिंगर दिलनूर ने मोहाली के SSP को इसकी शिकायत की है।

जिसमें दिलनूर ने कहा कि धमकी की वजह से वह घर से बाहर नहीं निकल पा रहे हैं। पुलिस गैंग पर कार्रवाई कर उन्हें सिक्योरिटी दे। उन्हें जान का खतरा बना हुआ है। दिलनूर की शिकायत पर पंजाब पुलिस के मोहाली स्थित साइबर क्राइम ब्रांच ने इसकी जांच शुरू कर दी है। इसके अलावा सिंगर बी प्राक की सिक्योरिटी को लेकर पुलिस भी अलर्ट पर है।

बता दें कि बी प्राक तेरी मिट्टी में मिल जावां गीत से खूब हिट हुए थे।

2 बार कॉल नहीं उठाई, तीसरी बार काट दीः मोहाली के सेक्टर 99 में रहने वाले पंजाबी सिंगर दिलनूर बबलू ने बताया कि 5 जनवरी को दोपहर 3.11 बजे मुझे एक विदेशी नंबर से 2 बार कॉल आई। मगर, मैंने कॉल नहीं उठाई। इसके बाद 6 जनवरी को दोपहर 2.24 बजे आरजू बिश्नोई की कॉल आई।

# फिल्म के सेट पर प्यार, 23 महीने में टूटा रिश्ता

## पंजाबी एक्ट्रेस मैंडी टक्कर ने 4 महीने पहले हटाए वेडिंग फोटो, मूसेवाला की फैन

जालंधर। पंजाबी और बॉलीवुड फिल्मों की एक्ट्रेस मैंडी ठक्कर को शेखर कौशल के साथ 4 साल पहले शिमला में प्यार हुआ। 2 साल तक दोनों डेटिंग में रहे। 13 फरवरी 2024 को शादी की। 2 साल होने से पहले ही तलाक ले लिया। दोनों के तलाक से उनके फैंस में निराशा फैल गई। दिल्ली की साकेत कोर्ट से मैंडी ने शुक्रवार को पति शेखर कौशल से तलाक ले लिया। दोनों ने आपसी सहमति से अलग होने का फैसला लिया है। दोनों की शादी 23 महीने तक ही चली। शेखर कौशल ने एक इंटरव्यू ने बताया कि दोनों की मुलाकात शिमला में फिल्म 'हाय मेरी मोटो' के सेट पर हुई थी।

# तमन्ना के आइटम नंबर 'आज की रात' ने बनाया रिकॉर्ड



**बता दें कि तमन्ना के डांस नंबर्स से पहले कई और भारतीय गाने रहे हैं, जिन्होंने यूट्यूब पर 100 करोड़ से ज्यादा व्यूज हासिल किए हैं। इस लिस्ट में भक्ति गाने से लेकर रीजनल गानों तक का नाम शामिल है।**

## यूट्यूब पर गाने को 100 करोड़ व्यूज मिले, उपलब्धि पर एक्ट्रेस ने जताया आभार

नई दिल्ली, एजेंसी

स्त्री-2 में तमन्ना भाटिया का डांस नंबर ‘आज की रात’ ने एक नई उपलब्धि हासिल कर ली है। इस गाने ने यूट्यूब पर ऑफिशियली 1 बिलियन यानी कि 100 करोड़ व्यूज का आंकड़ा पार कर लिया है। एक्ट्रेस ने इस अचीवमेंट्स पर ख़ुशी ज़ाहिर की है। उन्होंने गाने की शूटिंग के कुछ क्लिप शेयर करते हुए लिखा- पहले व्यू से लेकर 1 बिलियन व्यूज तक। आप सभी के प्यार के लिए शुक्रिया। शेयर किए गए वीडियो क्लिप में तमन्ना कोरियोग्राफर विजय गांगुली और टीम के बाक़ी सदस्यों के साथ नज़र आ रही हैं। दूसरे और तीसरे क्लिप में वो परफॉर्म करते दिख रही हैं। ‘आज की रात’ गाने की बात करें तो ये श्रद्धा कपूर और राजकुमार राव स्टारर फिल्म स्त्री-2 का गाना है। इस आइटम डांस नंबर को तमन्ना भाटिया पर फिल्माया गया है। गाने को मधुबंती बागची और दिव्या कुमार ने आवाज दी है। इसे अमिताभ भट्टाचार्य ने लिखा है और सचिन-जिगर ने म्यूजिक दिया है।



